WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025 | कृष्ण पक्ष- द्वितीया, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 242 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

संवाद- 46304

न्यूज गैलरी

20 हजार से ज्यादा किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में लगभग 25 लाख से अधिक किसान धान बेचने के पात्र हैं और सरकार ने इस बार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का लक्ष्य तय किया है।

लेकिन रायपुर जिले में अब भी 20 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन नहीं हो पाया है, जिसके कारण वे धान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि पोर्टल पर पंजीयन न होने से इन किसानों की जमीन का रिकॉर्ड भी सिस्टम में दिखाई नहीं दे रहा, जिसके बाद समिति किसानों का धान नहीं खरीद पाएगी। सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का प्रावधान रखा है, ऐसे में हजारों किसानों की खरीदी न होने से कई टन धान का संकट खड़ा हो सकता है। पंजीयन न होने से किसानों में भारी बेचैनी है। धान की फसल कटकर तैयार हो चुकी है, लेकिन खरीदी प्रक्रिया से बाहर होने के कारण किसानों को नुकसान का डर है। दतरेंगा में रहने वाले जीवन लाल का कहना है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करते वक्त कई तरह की परेशिानयां हो रहीं थीं जिसमें कई किसानों के पास मोबाइल न होना, सर्वर की समस्या, कभी ओटीपी नहीं पहुंच रहा है। इस तरह की कई समस्या किसानों के सामने आ गई थी। जिसके कारण कई किसानों का पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया था।

बीएसपी के मुद्दों पर विधायक देवेंद्र यादव अनशन पर

भिलाईनगर/नवप्रदेश। बीएसपी के रिटेंशन स्कीम के नियमों में बदलाव को वापस लेने, कार्मिकों के मिनिमम वेज, दुकानों के लीज नवीनीकरण आदि मांगों को लेकर विधायक देवेन्द्र यादव शनिवार को बेरोजगार चौक के समीप मैदान में दो दिवसीय सत्याग्रह पर बैठ गए। उन्होंने आज कहा कि सरकार और सेल बीएसपी को निजी हाथों में सौंपने के लिए उतारू हो गई है। यह हम सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। आज हम यदि निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद नहीं करेंगे, तो भविष्य हमें माफ नहीं करेगा। पत्रकारों से विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि बीएसपी के हम दुश्मन नहीं हैं केवल मनमाने तरीके से स्कूल, अस्पताल, मनोरंजन के केंद्र मैत्रीबाग जू को सरकार के इशारे पर निजी हाथों में देने के फैसले का विरोध कर रहे हैं जिसका भिलाईवासियों पर बुरा असर होगा। आज सत्याग्रह में महापौर परिषद के प्रभारी लालचंद वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जग्गा राव में भी बैठे। उन्होंने कहा कि हम बीएसपी के कार्यों में बाधा नहीं डालना चाहते बल्कि बीएसपी की तरक्की के लिए जो समर्थन चाहिए हम देंगे, लेकिन शहर की बर्बादी होते हुए नहीं देख सकते हैं।

निर्भीक होकर कोचियों, बिचौलियों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक में आने वाली दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान करें। कलेक्टर ने मेढ़ा, मुरमुंदा सहित ऐसे स्थान जहां एग्रीटेक पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है। उसके लिए समन्वय करते हुए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत एवं निष्ठापूर्वक उत्कृष्ट कार्य करें और फील्ड में निरीक्षण करते रहे । जिससे वस्तुस्थिति की जानकारी से अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई जारी रखें तथा धान उपार्जन केन्द्रों की सतत मानिटरिंग करते रहे। उन्होंने सभी से कहा कि निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें तथा इसके संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिससे स्टेकिंग सही तरीके से होगा तथा भौतिक सत्यापन अच्छे से होगा। उन्होंने समिति प्रबंधकों से कहा कि सजग रहते हुए ईमानदारी से कार्य करें।

5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का शुभारंभ आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आज भव्य उद्घाटन समारोह राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश एवं देश की नामचीन टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ। रमन सिंह होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति भी मंच की गरिमा को बढ़ाएगी।

एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय ÷सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण÷ रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद श्री नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से श्री च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास प्रयास तथा महिला विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर परियोजना के लिए द्वितीय पुरस्कार, जबकि सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयूऔर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली उत्कृष्ट पहलों के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। टीम को बधाई देते हुए सुश्री जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक) ने कहा, ÷ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार हमारी टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं।÷

अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआईद्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एनएमडीसी भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण कर रहा है तथा युवाओं में रोजगार क्षमता को बढ़ा रहा है।

जिले में होंगे विविध कार्यक्रम, जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर

अटल जन्म शताब्दी वर्ष : बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में कार्यशाला आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलेभर में व्यापक एवं बहुआयामी कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी की गई है। इसी क्रम में आज बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कान्दाडोंगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अटल जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राजनीति को शालीनता, संवाद और राष्ट्रहित की दिशा दी। उन्होंने कहा कि जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अटल जी के विचारों और मूल्यों से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोगकैबिनेट मंत्री दर्जा नेहरू निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जन्म शताब्दी वर्ष केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्रप्रथम की भावना को जीवन में उतारने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि अटल जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सूचना दी कि सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे युवा वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया जा सके। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और सामाजिक समरसता के नए आयाम स्थापित किए। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

भाजपा जिला संगठन के अनुसार 25 दिसंबर 2025 को अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिले के प्रमुख स्थलों पर स्थित उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पूर्व 24 दिसंबर को स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। शताब्दी वर्ष के तहत जिले में 'अटल सम्मेलन', विचार प्रदर्शनी, स्कूल-कॉलेजों में निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला नेतृत्व ने बताया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अटल जी के विचार और आदर्श समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा एव आभार पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने किया। कार्यक्रम में मुरलीधर सिन्हा चंद्रशेखर सोनवानी गुरुनारायण तिवारी पदुलोचन जगत सरिता ठाकुर सुरेंद्र सोनटेके मनीष सिन्हा श्रुती ध्रुवा नूरमती मांझी राधेश्याम सोनवानी धनराज विश्वकर्मा शिवशंकर जायसवाल संतोष यादव नवीन मांझी भगवानों बेहरा भोजराज सिन्हा जगमोहन पटेल कुंजबिहारी बेहरा योगेश शर्मा शोभचंद्र पात्र हेमंत नागेश सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया फर्जी बीएसएफ जवान

■ कार पर लिखवा रखा था पुलिस, दिखाया फेक आईडी

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने 20 दिसंबर को ग्रीन चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने फर्जी BSF को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम सिमरनजीत है, जो पंजाब का रहने वाला है। वह दुर्ग में किराए के मकान से रह रहा था। उसने अपना खुद का फर्जी पहचान पत्र बनवाया है और अपनी कार में पुलिस लिखवाया है।

कार पर लिखवा रखा था पुलिस, दिखाया फेक आईडी: वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सिमरनजीत सिंह निवासी सुंदरनगर मीराकोट चौक एयरपोर्ट रोड, थाना कम्बोज, जिला अमृतसर बताया। वर्तमान में वह सिंधिया नगर स्थित सेंगर हाउस, दुर्ग में किराये के मकान में रहना बता रहा था। आरोपी ने खुद को बीएसएफ में पदस्थ होना बताया और पुलिस को एक बीएसएफ का आईडी कार्ड दिखाया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की सूचना संबंधित मजिस्ट्रेट को भेज दी गई है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी कब से फर्जी पहचान के सहारे घूम रहा था और कहीं उसने किसी अन्य वारदात को अंजाम तो नहीं दिया है।

पेट्रोलिंग स्टाफने सिंधिया नगर से आ रही कार की जांच की

मोहन नगर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ ग्रीन चौक दुर्ग में आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पेट्रोलिंग स्टाफने सिंधिया नगर दुर्ग की ओर से आ रही डिजायर कार (क्रमांक छत्र 07 छक्र9095) को रोककर जांच की।

यौन उत्पीड़न में फंसे पुलिस अफसर की जमानत नामंजूर

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। यौन उत्पीड़न के आरोप में फंसे पुलिस अधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरोपित पुलिस अफसर है, अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करने की स्थिति में वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। आरोप को प्रकृति गंभीर है। सिंगल बेंच ने इन टिप्पणियों के साथ पुलिस अफसर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

दुर्ग जिले के पुराना भिलाई थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला की शिकायत पर पुलिस ने पुलिस अधिकारी अरविंद कुमार मेढे पर यौन उत्पीड़न का अपराध दर्ज किया है। पीड़िता ने दर्ज कराई एफआइआर में आरोप लगाया है कि उसका बेटा पाक्सो एक्ट के प्रकरण में जेल में बंद है। पुलिस अधिकारी ने बेटे की जमानत कराने का झांसा देकर उससे संपर्क किया फिर लगातार संपर्क करने लगा और मिलने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता महिला के अनुसार 18 नवंबर 2025 की शाम तकरीबन 6:10 बजे उसे थाने बुलाया। थाना पहुंचने पर महिला पुलिसकर्मियों ने कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। इसके बाद आरोपित पुलिस अफसर ने फोन कर उसे चरोदा बस स्टैंड बुलाया। वहां से उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर एक सुनसान जंगल वाले इलाके में ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वहां आरोपित पुलिस अफसर ने शारीरिक संबंध बनाने दबाव डाला। इस बीच उसे गले लगाया और अश्लील हरकतें कीं। पीड़ित महिला के अनुसार मासिक धर्म की बात बताने पर आरोपित ने उसे छोड़ दिया और दो दिन बाद फिर मिलने को कहा।

मंदिरों में चोरी करने वाला सीरियल चोर गिरोह पकड़ाया

भिलाईनगर/नवप्रदेश। पांच मंदिरों में चोरी करने वाले सीरियल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपी सहित छत्र मुकुट खरीददार अनूपपुर का ज्वेलर्स संचालक गिरफ्तार है। आरोपी मध्यप्रदेश, मुंगेली से हैं। आरोपी चोरी एवं दुष्कर्म के आरोप में पहले भी बिलासपुर में जेल काट चुके हैं।

सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में एएसपी सुखनंदन राठौर ने पत्रवार्ता में बताया कि 7 अगस्त की रात फल मंडी पावर हाउस हनुमान मंदिर, 5 नवंबर को सेक्टर 5 कांचीकमाधी मंदिर, 14 दिसंबर को काली मंदिर सुपेला, 12 नवंबर को फरीद नगर दुर्गा मंदिर में मंदिर का ताला दान पेटी चोरी तथा 15-16 दिसंबर की रात सेक्टर 6 स्थित बालाजी मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था।

भिलाई शहर में लगातार मंदिर में हो रही चोरी पुलिस के लिये चनौतीपूर्ण थी। इसी क्रम में सपना टॉकिज पावर हाउस के पीछे दो लड़कों के संबंध में जानकारी मिली कि ये दिन-रात में मुंगेली आरटीओ से रजिस्ट्रर्ड बाइक में घूमते हैं, और दिन भर घर के अन्दर रहते हैं।

उक्त संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम रामचंद राठौर निवासी गोरसी अनूपपुर मध्यप्रदेश तथा मुकेश जायसवात ग्राम जोगीपुर थाना तखतपुर जिला मुंगेली का होना बताया। इनकी बाइक होण्डा साइन सीजी 28 एल 4683 की तलाशी लेने पर मोटर साइकिल की डिक्की में एक सब्बल मिला। आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर रामचंद राठौर ने बताया कि वह पूर्व में करगी रोड कोटा की जेवलरी दुकान और बिलासपुर के मकानों में चोरी कर चुका है। पुलिस द्वारा पकड़ा भी गया था। जेल से जमानत पर छूटा है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी मुकेश जायसवाल ने पूछताछ पर बताया कि वह थाना तखतपुर से दुष्कर्म के मामले में बिलासपुर जेल गया था। जेल में ही इसकी पहचान रामचंद राठौर से हुई थी। जेल से छूटने पर ये दोनों आकाश गंगा भिलाई फल मण्डी में हमाली करने लगे थे और सपना टाकिज पावर हाउस के पीछे पानी टंकी के पास किराये के मकान में रहते थे।

दोनों ने मंदिरों में चोरी करने की योजना बनाई और मंदिरों की रेकी कर मंदिर में चोरी करने लगे। चोरी में प्राप्त चांदी का छत्र मुकुट मुखौटा, चांदी का चम्मच जिते राम चंद राठौर ने अनूपपुर के ज्वेलर्स विकास सोनी को बेच दिया था आरोपियों से पूछताछ पर कुल 5 चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक, एक सब्बल, एक मोबाइल, एक टेबलेट एक सिक्का जब्त किया है।

महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। जे.के.एस. मार्केटिंग साइबर ऑफटेक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड के तत्वावधान में महिलाओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज गरियाबंद सीटी स्थित जायका रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप के पास किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से महिलाओं की दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जैसे सेनेटरी पैड, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। महिलाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग, उसके महत्व, स्वच्छता बनाए रखने तथा इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर डॉ कैलाश साहू साइबर एक्सपर्ट जे.के. एस.मार्केटिंग प्रायवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। आत्मरक्षा के उपाय, सामाजिक जागरूकता तथा विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों, कौशल विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

कार्यशाला के अंत में उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं तक जागरूकता पहुँचाने की बात कही गई। उक्त आयोजन में विशेष कर नेकराम सिन्हा जी ,पवन मरकाम पार्वती उईके, त्रिवेणी दीवान, देवंतीन डहरिया, नूतन नेताम,रिंकी सेंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।

जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक

छूटे बच्चों को घर-घर जाकर पिलाया जाएगा पोलियो ड्रॉप

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 21 दिसंबर रविवार को पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के हजारों बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वयंसेवकों की टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान जो बच्चे किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप से वंचित रह गए हैं, उन्हें आगामी दिनों में घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलवाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि गरियाबंद जिला पूरी तरह पोलियो मुक्त बन सके। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 21 दिसंबर को किया गया, जिसमें पहले दिन बूथों पर तथा 22 से 23 दिसंबर को मॉप-अप अभियान के तहत घर-घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत लिटिपारा व पीपरछेड़ी में भी 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलाई गई। बता दें कि जिले में कुल 830 पोलियो बूथों के माध्यम से 91 हजार 115 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 1 हजार 835 टीम सदस्यों का गठन किया गया है।

WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 242 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मवेशियों से भरा कंटेनर पलटा, 50 गायों की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश । कोटपाड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुमर गांव के पास मवेशियों से भरा एक कंटेनर हादसे का शिकार हो गया. दुर्घटना में कंटेनर में मौजूद 50 से अधिक गायों की मौके पर ही मौत हो गई. कंटेनर के जरिए देर रात कोटपाड़ क्षेत्र से घुमर मार्ग होते हुए मवेशियों को अवैध तरीके से आंध्रप्रदेश ले जाया जा रहा था।

बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में मवेशी के होने से कंटेनर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते कंटेनर सड़क किनारे पलट गया. हादसा इतना भीषण था कि कंटेनर में मौजूद अधिकांश गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही घुमर गांव सहित आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचना दी. पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक 50 से अधिक गायों की जान जा चुकी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना मवेशियों की तस्करी की जा रही है. ग्रामीणों द्वारा बार-बार विरोध किए जाने के बावजूद अवैध गो-चालान का सिलसिला थम नहीं रहा है. आए दिन हो रही छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं में कई बेकसूर मवेशियों की जान जा रही है. एक साथ 50 से अधिक गायों की मौत से घुमर गांव में गहरा शोक और आक्रोश है।

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर मिला डंप विस्फोटक

■ नक्सलियों ने पहाड़ी में छिपा रखा था आईईडी बनाने का सामान और बंदूक

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का अंत दहलीज के करीब है। छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर जवानों ने विशेष अभियान चलाकर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। गरियाबंद जिले के दडईपानी के पहाड़ी क्षेत्र में सीआरपीएफ, ई-30, एसटीएफ, 207 कोबरा और 16 बटा. सीएएफ की संयुक्त टीम को

अभियान के दौरान करते नक्सली डंप मिला. जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने यहां कई सामन छुपा रखे थे। जिसमें आईईडी बनाने के सामाग्री, भरमार बन्दूक समेत कई विस्फोटक सामान बरामद किया गया।

दरअसल, थाना मैनपुर अंतर्गत पहाडियों में स्थित ग्राम क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों की आसूचना पर जवानों की संयुक्त पार्टीयों ने उक्त क्षेत्र में 19 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया. अभियान के दौरान शासन द्वारा प्रतिबंधित माओवादी संगठन डीजीएन (ष्ठत्रह) डिवीजन के माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी को विस्फोटक पदार्थो से आईईडी निर्मित कर नुकसान पहुंचाने और पुलिस ग्रुप को मोर्टार से हमला करने के उद्देश्य से थाना ओडिसा सीमा पर स्थित ग्राम दडईपानी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

जिनकी राजनीतिक दुकानदारी की वाट लग जाती है वो मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए बाबा बेंगा बनकर भविष्यवाणी करते हैं। लंबी-लंबी छोडऩे लगते हैं। उत्तरप्रदेश के कांग्रेस नेता अजय राय ने भविष्यवाणी की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बनारस से बोरिया बिस्तर बंध जाएगा। वहीं शिवसेना यूबीटी के बड़बोले नेता संजय राउत ने भविष्यवाणी की थी कि 19 दिसंबर को बड़ा राजनीतिक धमाका होगा और पीएम मोदी की कुर्सी हिल जाएगी लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि संजय राउत का ऊपरी माला ही हिल गया है।

कांग्रेस ने हमेशा असम, नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया : मोदी

गुवाहाटी (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नामरूप में फर्टिलाइजर यूनिट का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया है। उन्होंने कहा, जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, तो कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्ति का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने असम के नगांव जिले में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के हमारे फैसले का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई प्यार और सम्मान नहीं है, बल्कि वे घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने असम की आबादी को बर्बाद कर दिया क्योंकि वे घुसपैठिए विपक्षी पार्टी के वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूल निवासियों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है।

इससे पहले, पीएम मोदी ने गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जो राज्य के लोगों के लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था। प्रधानमंत्री ने फूल चढ़ाए और 1979 में शुरू हुए छह साल लंबे विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला पहनाई और असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया। शहीद स्मारक क्षेत्र उन 860 लोगों को समर्पित है जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने शहीदों की गैलरी का भी दौरा किया, जहां सभी शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और सभी को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज जहाज चराइदेव पर असम के विभिन्न हिस्सों से चुने गए 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक बातचीत भी की, जो राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक अनोखी मुलाकात थी।

पीएम मोदी के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे दोष

असम दौरे पर पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा, केंद्र में उनकी सरकार है और असम में भी उनकी सरकार है, जिसे वे डबल-इंजन सरकार कहते हैं। अगर वे सुरक्षा देने में असफल हो जाते हैं, तो वे विपक्षी पार्टियों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खडग़े ने आगे कहा, वे देशद्रोही हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि असल में सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप कर रही है।

राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं का निर्माण पूरा, पीएम करेंगे अनावरण

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना को प्रज्वलित करने वाला एक अनूठा केंद्र होगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रवाद के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राष्ट्र नायकों की इन 65 फुट ऊंची और 32 टन वजनी कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण राज्य ललित कला अकादमी ने करवाया है। इन प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग के माध्यम से किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में गोलीबारी

शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग; नौ की मौत

जोहानिसबर्ग (वार्ता) । दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

एसएबीसी न्यूज़ के अनुसार रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी।

गोलीबारी पर क्या बोली पुलिस?- पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाडियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था।

बढ़ सकता है मरने वालों का आंकड़ाः पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है।

दिसंबर में गोलीबारी की दूसरी घटना

दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।

कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ाने अब तक रद्द हो गई है। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो आज सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार आज 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई। उत्तर भारत के दूसरे हिस्सों से भी घने कोहरे की खबर है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में इस पूरे सप्ताह सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से उड़ानों पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ा है।

मस्क 700 अरब डॉलर से ज़्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

वॉशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोब्र्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोब्र्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज़्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी।

निकाय चुनाव में बंपर जीत की ओर महायुति

मुंबई(वार्ता)। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव 2025 के तहत 23 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के नतीजे आज घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न निकायों में खाली पड़े 143 सदस्य पदों के परिणाम भी सामने आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, सभी मतगणना केंद्रों पर सुबह 10 बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई।

'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा बनने के लिए अभी तक 1.54 करोड़ रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली (आईएएनएस) केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बार फिर से जानकारी साझा करते हुए बताया कि परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब ओपन है। क्लास 6 से 12 तक के छात्र इसमें शामिल होने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अभी तक कुल 1 करोड़ 54 लाख 33,285 रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके हैं। इनमें से 1 करोड़ 43 लाख 40,916 रजिस्ट्रेशन छात्रों द्वारा करवाए गए हैं। 9,41,515 पंजीकरण शिक्षकों ने कराए हैं और 1,50,854 अभिभावक भी अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा के लिए छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस संवाद के माध्यम से छात्र परीक्षा के भय व तनाव को दूर कर सकते हैं जिससे वे परीक्षा के लिए आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ तैयार हो सकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), अपने 9वें संस्करण में पहुंच गया है। यह संवाद जनवरी 2026 में होना है। इस दौरान भारत समेत विश्व के कई देशों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक जुड़ेंगे। प्रतिभागियों के चयन के लिए, माइ गॅव पोर्टल पर एक ऑनलाइन एमसीक्?यू-आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस गतिविधि को पूरा करने वाले सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को माई गॅव की ओर से भागीदारी प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बीते साल परीक्षा पे चर्चा का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी पर छींटाकशी करना भाजपा की आदत: कुमारी सैलजा

मुंबई (आईएएनएस)। भाजपा राहुल गांधी पर विदेश में भारत की छवि खराब करने का आरोप लगा रही है। इस मुद्दे पर कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी पर छींटाकशी करना भाजपा की आदत है। मुंबई में आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर सच में ऐसी कोई गतिविधि हुई होती, तो क्या भाजपा सिर्फ बातों तक ही रुक जाती? राहुल गांधी को निशाना बनाना भाजपा की आदत बन गई है। देश का ध्यान मुद्दों से हटाने के लिए वे मजबूरी में उन पर उंगली उठा रहे हैं।

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के 'सोनिया गांधी की वजह से क्रिसमस वाले बयान पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुझे पक्का नहीं पता कि उन्होंने क्या कहा, लेकिन हमारा देश धार्मिक सद्भाव वाला देश है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और एक-दूसरे के त्योहार मिलकर मनाते हैं। बीएमसी चुनाव को लेकर कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस का क्या प्लान है, यह पार्टी फैसला करेगी कि किसे स्टार प्रचारक बनाया जाएगा।

रिश्वतखोरी : सीबीआई ने रक्षा मंत्रालय के लेफ्टिनेंट कर्नल को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घूसखोरी के मामले में रक्षा मंत्रालय के डिफेंस प्रोडक्शन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और एक निजी व्यक्ति विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी।

सीबीआई ने यह कार्रवाई विश्वसनीय स्रोत से मिली सूचना के आधार पर 19 दिसंबर को एक मामला दर्ज करने के बाद की। आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं निर्यात से जुड़े योजनागत अधिकारी के रूप में रक्षा उत्पादन विभाग में कार्यरत थे। दीपक कुमार शर्मा, उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली, 16 इंफेंट्री डिविजन ऑर्डनेंस यूनिट, श्रीगंगानगर और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश

और रिश्वत लेने-देने के आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दुबई आधारित एक कंपनी भी शामिल बताई गई है। आरोप है कि लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा रक्षा उत्पाद निर्माण और निर्यात से जुड़े कई निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मिलीभगत कर लंबे समय से भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल थे और उनसे अवैध लाभ लेकर मनचाही सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे थे। सीबीआई ने बताया कि आरोपी कंपनी के भारत में परिचालन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरमा

पत्रकार भ्रमण ...

पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम ही नहीं, पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी : साय

पर्यटन के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजस्थान के अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण से लौटने के उपरांत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के दल ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर पत्रकारों ने 15 से 20 दिसम्बर तक राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधायिका, प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, ताकि अन्य राज्यों के शासन-प्रशासन, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े नवाचारी प्रयासों को पत्रकारों के दृष्टिकोण से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमणों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर की धरती स्वर्ग

प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से बस्तर धरती पर स्वर्ग के समान है, किंतु नक्सलवाद लंबे समय तक इसके विकास में एक बड़ी बाधा रहा है।

बांग्लादेश में हिंसा-अगले आदेश तक चटगांव में भारतीय वीजा सेंटर बंद

चटगांव (आईएएनएस)। बांग्लादेश में तनाव के बीच चटगांव में पोर्ट सिटी में भारतीय वीजा सेंटर को रविवार से अगले नोटिस तक बंद कर दिया गया है। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में आगजनी और हिंसा देखने को मिल रही है। बीते दिन बांग्लादेश में भारतीय हाई कमीशन का घेराव करने के लिए कट्टरपंथियों का समूह निकला था। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इससे पहले ढाका और दो अन्य जगहों पर भी वीजा सेंटर बंद किए गए थे।

उन्होंने कहा कि वीजा सेवा फिर से शुरू करने के बारे में आगे कोई भी घोषणा करने से पहले मौजूदा सुरक्षा हालात को। शुक्रवार को इंडियन असिस्टेंट हाई कमीशन के बाहर हिंसा देखने को मिली, जिसमें दो पुलिसकर्मी समेत कम से कम चार लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद ही चटगांव में अगले आदेश तक वीजा सेंटर बंद रखने का ऐलान किया गया है।

स्थानीय मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, कट्टरपंथी समूह इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से ही देशभर में ऐसी भयावह स्थिति बनी हुई है।

सुविचार

दुनिया में सबसे ज्यादा नफरत का सामना उन्हें करना पड़ता है जो कटू सत्य बोलने का दुःसाहस करते हैं। - अज्ञात

प्रियंका गांधी ने दिखाई परिपक्वता

संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। हर सत्र की तरह ही इस बार भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सत्र की समाप्ति के बाद भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेताओं को टी-पार्टी दी। जिसमें कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल हुई। अन्य विपक्षी नेता भी इस टी-पार्टी में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बीच बड़े ही खुशनुमा माहौल में बातचीत हुई दोनों ही किसी बात पर ठहाके भी लगाते नजर आये। इस टी-पार्टी में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच हल्की फुल्की बातचीत भी हुई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी ने उनसे आग्रह किया कि हम सबको चाहिए कि संसद के आगामी सत्रों में हम ज्यादा से ज्यादा काम करें। विपक्ष अपने मुद्दो को लेकर बेशक आंदोलन करें। लेकिन संसद का कार्य सुचारू रूप से चले इसका हम सबको ध्यान रखना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा दी गई टी-पार्टी में शामिल होकर प्रियंका गांधी ने जो राजनीतिक परिपक्वता दिखाई है उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। गौरतलब है कि इसके पहले भी जब संसद सत्र की समाप्ति के बाद लोकसभा अध्यक्ष परंपरा का निर्वहन करते हुए टी-पार्टी देते थे तो उसका लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बहिष्कार कर देते थे। राहुल गांधी की देखादेखी अन्य विपक्षी नेता भी टी-पार्टी में शामिल होने से परहेज करते थे। किन्तु इस बार संसद सत्र चलने के ही दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले गये तो कांग्रेस नेता के रूप में प्रियंका गांधी में टी -पार्टी में शिरकत कर नई मिसाल पेश कर दी। इसके पूर्व प्रियंका गांधी ने जब संसद में अपने उद्बबोधन के दौरान केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से हंसते हुए यह शिकायत की थी कि वे उन्हें मिलने का समय क्यों नहीं दे रहे हैं तो नीतिन गडकरी ने उन्हें उसी दिन मिलने का समय दे दिया और उनसे 15 मिनट तक न सिर्फ चर्चा की बल्कि प्रियंका गांधी को नितिन गडकरी ने अपने हाथों से बनाया हुआ नाश्ता भी कराया। वह चित्र भी सोशल मीडिया पर खूब सराहा गया है। प्रियंका गांधी की यह सरलता और सहजता उन्हें सर्वप्रिय नेता के रूप में प्रतिष्ठित कर रही है। ऐसी बात नहीं है कि लोकसभा में उन्होंने सरकार के खिलाफ तीखे तेवर नहीं दिखाए हों। उन्होंने जमकर सरकार को घेरा और संसद के बाहर भी प्रदर्शन के दौरान अपना विरोध जताया। लेकिन संसद सत्र की समाप्ति के बाद उन्होंने टी-पार्टी में सहभागिता दर्ज कराकर एक नई लकीर खींच दी है। इसके बाद से ही अब कांग्रेस पार्टी के भीतर यह मांग तेज होने लगी है कि प्रियंका गांधी को कांग्रेस की कमान सौंपी जायें।

साउथ अफ्रीका पर टीम इंडिया की धमाकेदार जीत

भारत दौरे पर आई साउथ अफ्रीका की टीम ने भले ही भारत को टेस्ट सीरिज में हरा दिया हो लेकिन इसके बाद खेले गये वन-डे मैचों में भारत ने साउथ अफ्रिका को हराकर वन-डे सीरिज अपने नाम करके हिसाब बराबर कर दिया था। उसके बाद अब टी-20 सीरिज में भी टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत दर्ज करके साउथ अफ्रीका को धूल चटा दी। टी-20 सीरिज में टीम इंडिया ने आखिरी मैच जीतकर यह श्रृंखला 3-1 से अपने नाम कर ली। इसी के साथ टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में लगातार आठ टी-20 श्रृंखला जीतने का भी नया रिकॉर्ड कायम कर दिया जिसमें टी-20 एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। इस तरह भारत ने शानदार जीत के साथ 2025 को बिदाई दी है। अंतिम मैच में हार्दिक पांडया ने ताबड़तोड बल्लेबाजी कर मात्र 16 गेंदों पर अर्धशतक ठोंकर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। टी-20 मैंचो में युवराज सिंह के बाद दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले हार्दिक पांडया दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। तिलक वर्मा ने भी धुंआधार अर्धशतक जड़ा और टीम इंडिया ने 232 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका 201 रनों पर ही सिमट गई। टीम इंडिया ने टी-20 मैंचों की इस श्रृंखला में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में ही कमाल का प्रदर्शन दिखाया है जिसे देखते हुए यह लगता है कि टीम इंडिया आगमी टी-20 वर्ल्ड कप में भी इसी तरह का प्रदर्शन कर एक बार फिर टी-20 वर्ल्ड कप जीतने में सफल होगी।

मनरेगा से "VB-GRAMG" तक नाम बदलने से क्या 'नीति' 'बेहतर' हो जाती है?

राजीव खंडेलवाल

मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2025) केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की सवैधानिक गारंटी, पंचायती राज की आत्मा उसकी स्वायत्तता को मजबूती प्रदान करना और राज्य-केंद्र के सहकारी संघवाद का आदेश प्रतीक थी इस अधिनियम ने उक्त भावार्थ को चरितार्थ कर 2005 के कानून को लगभग सब गुड़-गोबर कर दिया। अब उक्त ग्रामीण रोजगार को लाने के लिये लाया गया नया अधिनियम अपने नाम, स्वरूप और प्रावधानों से ही कई गंभीर प्रश्न खड़े कर देता है।

1. नाम ही पहली "विफलता"?

'गांधीवाद' को अपनाने वाली और महात्मा गांधी को मानने वाली भाजपा द्वारा महात्मा गांधी का नाम हटाना आश्चर्यजनक होकर दुर्भाग्यपूर्ण है।

अधिनियम का नामः"भाषाई अराजकता" का उदाहरण।

शायद यह भारत की पहली सरकारी योजना है, जिसके जलेबी की तरह सीधे नाम बोलने, समझने और याद रखने के लिए प्रत्येक नागरिक सहित कानून निर्माताओं तक को "अनुभवी प्रशिक्षित अध्यापक की कक्षा ज्वाइन करनी पड़े"? जिसे याद करना मुश्किल है, उसे झेलना कितना मुश्किल होगा?

हिंदी- अंग्रेजी और रोमन लिपि का ऐसा स्वादहीन (खिचड़ी) मिश्रण?

"विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025"

यह न तो किसी प्रशासनिक विवेक का उदाहरण है, न जनसामान्य की समझ का सम्मान।

प्रश्न यह है कि- इस जटिल नाम की आवश्यकता क्या थी? क्या इससे योजना अधिक प्रभावी हो जाएगी? या फिर उद्देश्य केवल "मनरेगा" जैसे स्थापित सहज प्रचलित नाम को मिटा कर अपनी कागज के नांव चलाना जैसा है?

गांधी जी का अंतिम शब्द हे राम, शिष्टाचार का कथन जय श्री राम से रोजगार दिलाने वाले "जी राम जी" की ओर जाने का सरल व सुगम रास्ता भी सरकार को मालूम नहीं है। अधिनियम का नाम उन महात्मा गांधी के नाम से था जिनके जीवन के अंतिम शब्द है राम थे। अधिनियम में नाम की एक धारा जोड़कर योजना का नाम "जी राम जी" अधिनियम के नाम में संशोधन किये बिना, किया जा सकता था। इस प्रकार महात्मा गांधी और राम जी दोनों के नाम रह सकते थे। वैसे तो महात्मा गांधी की जीवन पद्धति, विचार,

सोच में किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में सबसे ज्यादा ÷राम की छाप÷ थी। परन्तु यह सरकार 'सलाह' लेती किससे है?

2. 'रोजगार' और 'आजीविका' शब्दों का अनावश्यक (युग्मक) प्रयोग।

योजना के नाम में ही 'रोजगार' और 'आजीविका' दोनों शब्दों का एक साथ प्रयोग किया गया है, जबकि व्यवहारिक और भाषाई दृष्टि से दोनों का अर्थ लगभग समान है।

यदि दोनों में कोई मौलिक अंतर है- तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि रोजगार क्या देगा और आजीविका क्या? और यदि अंतर नहीं है, तो यह शब्दाडंबर क्यों? नीति निर्माण में यह अस्पष्टता गंभीर संकेत देती है। लेकिन सरकार तो ÷सूरदास की काली कमरी ओढ़े बैठी है, जिस पर चले ना दूजा रंग।÷

3. गांधी नाम से परहेज, संयोग या विचारधारात्मक आग्रह?

देश में पिछले कुछ वर्षो से- गांधी, नेहरू और अन्य स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े नामों को योजनाओं और संस्थानों से हटाने का एक मौन अभियान चल रहा है।

प्रश्न स्वाभाविक है- क्या 'महात्मा गांधी' का नाम इसलिए हटाया गया क्योंकि उनके आगे 'गांधी' लिखा है?

मनरेगा केवल एक नाम नहीं था, वह ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और राज्य की जवाबदेही का प्रतीक था।

4. राज्य का अंशदान 10% से 40% -योजना को 'वेंटिलेटर' पर डालने जैसा?

नई योजना में राज्यों का अंशदान-

10% से बिना किसी कारणवश चार गुना बढ़ाकर 40% कर दिया गया है।

आज जब अधिकांश राज्य पहले से भारी वित्तीय संकट में हैं। केंद्र की देनदारियों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में यह प्रावधान योजना को कागज पर जीवित और जमीन पर मृत -प्राय बना देगा।

5. पंचायती राज पर सीधा प्रहार अधिकार छीने, राज्य पर जिम्मेदारी ज्यादा थोप दी।

एक ओर सरकार केन्द्रीकृत राज के सिद्धांत (Centralization) की ओर बढा रही है,

दूसरी ओर राज्यों और ग्राम पंचायतों के अधिकार समाप्त कर रही है।

अब तक-ग्राम पंचायतों को यह अधिकार था कि वे अपने क्षेत्र में कौन से कार्य होंगे, यह तय करें जो व्यवहारिक था क्योंकि इससे ग्रामीण विकास का नक्शा ज्यादा अच्छे तरीके से बन पाता।

नई योजना में-रोजगार केवल "केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में ही" उपलब्ध होगा।

यह सीधे.सीधे- "पंचायती राज व्यवस्था की स्वायत्तता पर डाका है"।

6. 100 दिन से 125 दिनः जमीनी हकीकत से कटा 'आभासी सपना'।

वर्तमान स्थिति यह है कि- फरवरी 2006 को जब यह मनरेगा कानून लागू किया गया था तब प्रारंभिक 10 वर्षों को छोड़ दें जब यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की गई थी और कोरोना काल की 'आसमानी आफत' को छोड़ दें तो 100 दिन की 'सुल्तानी' गारंटी का औसत 50 दिन से भी आता है।

काफ़ी कुछ दे गया शीतकालीन सत्र

लोकसभा की उत्पादकता111 प्रतिशत और राज्यसभा की 121 प्रतिशत रही

बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर सांसद

राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में विशेष चर्चा आयोजित की गई। चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला। इसके अलावा लोकसभा और राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा की चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया, चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली। वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर पूर्ण रूप से चर्चा और मतदान हुआ तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया, विचार किया गया और पारित किया गया तथा राज्यसभा ने भी इसे पारित कर वापस लोकसभा को भेज दिया।

18वीं लोकसभा के छठवें सत्र और राज्यसभा के 269 वें सत्र में कुल 15 बैठकों का आयोजन किया गया। 1 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चले शीतकालीन सत्र के दौरान विभिन्न विधायी और अन्य कार्यों के फलस्वरूप लोकसभा की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत और राज्यसभा की उत्पादकता लगभग 121 प्रतिशत रही है। सत्र के दौरान, लोकसभा में 10 विधेयक पेश किए गए और उनमें से 8 विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किए गए, साथ ही राज्यसभा द्वारा भी 8 विधेयक पारित किए गए। राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में विशेष चर्चा आयोजित की गई। चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला। इसके अलावा लोकसभा और राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा की

चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया, चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली। वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर पूर्ण रूप से चर्चा और मतदान हुआ तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया, विचार किया गया और पारित किया गया तथा राज्यसभा ने भी इसे पारित कर वापस लोकसभा को भेज दिया। राष्ट्रपति द्वारा मानसून सत्र 2025 के बाद जारी किए गए अध्यादेश, मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (संख्या 2 वर्ष 2025) के स्थान पर एक विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में इस सत्र के दौरान विचार किया गया और उसे पारित किया गया। मणिपुर राज्य में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण)

संशोधन अधिनियम 2024 को अपनाने संबंधी वैधानिक प्रस्ताव को राज्यसभा में स्वीकृत किया गया।

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने के बाद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया। इस सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा 8 विधेयक पारित किए गए हैं, जिनमें से कुछ का विकसित भारत के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। इनमें से कुछ विधेयक इस प्रकार हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा उपकर विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए संसाधनों को बढ़ाना और निर्दिष्ट वस्तुओं के निर्माण या उत्पादन के लिए स्थापित मशीनों या अपनाई गई अन्य प्रक्रियाओं पर उपकर लगाना तथा उससे संबंधित मामलों के लिए उपकर लगाना है। परमाणु ऊर्जा का टिकाऊ उपयोग और विकास विधेयक, 2025 का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य, जल, कृषि, उद्योग, अनुसंधान, पर्यावरण में अनुप्रयोग, परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार, भारत की जनता के कल्याण के लिए परमाणु ऊर्जा और आयनीकरण विकिरण के संवर्धन और इसके सुरक्षित तथा संरक्षित उपयोग के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा और उससे संबंधित मामलों के लिए प्रावधान करना है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) : वीबी - जी राम जी विधेयक, 2025 में विकसित भारत -2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार के लिए वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जैसे पानी को गर्म करने पर वह गर्म तो हो जाती है और फिर ठंडा हो जाती है क्योंकि पानी का स्वभाव शीतल है।

◆ अगर जन्म लेकर मनुष्य के रूप में आए हैं तो आनंद के लिए ही जन्म हुआ है और ये विषय इच्छागत नहीं है, अनिवार्य है।

◆ तुम अच्छे हो पर तुम्हारी संगति बेवकूफहोती है तो उनकी बेवकूफी तुम्हारे ऊपर भारी पड़ेगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1241 - मंगोल के प्रमुख लेफ्टीनेंट बहादुर तैर हुलागु खान ने लाहौर पर कब्जा किया। 1843 - रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज में शामिल हुए। 1851 - भारत में पहली मालगाड़ी रुड़की से पिरन के बीच चलाई गई। 1882 - थामस एडीसन द्वारा बनाए गए बल्बों से पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया। 1910 - अमेरिका में पहली बार डाक बचत पत्र जारी। 1940 - मानवेंद्र नाथ राय ने रेडीकल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की घोषणा की। 1941 - यूगोस्लाविया में मार्शल टीटो ने सेना की नई ब्रिगेड का गठन किया। 1941 - अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रुजवेल्ट और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विस्टन चर्चिल दूसरे विश्व युद्ध के दौरान चर्चा करने के लिए वॉशिंगटन में मिले।1947 - इटली की संसद ने नया संविधान अंगीकार किया। 1957 - ओहायो के कोलंबो चिड़िया घर में कोलो नामक गुरिल्ला के बच्चे का जन्म हुआ जो चिड़िया घर में पैदा होने वाला पहला गुरिल्ला था।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नेह नदी अब

नेह नदी अब सूख रहल बा नफरत से सभ हिया भरल बा अब दानवता बा रोज बढ़त मानवता ई आजु मरल बा मारत बा अदमी अदमी के अदमी अदमी देख डरल बा बँटवारा आँगन के होता भाई भाई खूब लड़ल बा पाखंडी बा रोजे पूजात दुनिया में ई कब सुधरल बा पेट अउर पीठ भइल बा एक देख गरीबी आँख भरल बा अखबारन के लाली देखीं केकर आजु लहू पसरल बा प्रेम - पुजारी मारल जइहें 'ऐनुल' साँचे बात कहल बा। - **'ऐनुल' बरौलवी**

पंछियों की उड़ान के

पंछियों की उड़ान के लिए हवा का रुख और इंसानों की उड़ान के लिए दुख,दोनों सीमित और संतुलित होना बेहद जरूरी है....दुख तकलीफ तो आनी जानी है...मुझे नहीं लगता कोई भी इंसान ऐसा हो दुनिया में जिसने दुख न देखा हो या सिर्फ सुख ही सुख पाया हो अपने जीवन में शुरू से अंत तक... आप सब खुश रहे,स्वस्थ्य रहे,मस्त रहे इसी कामना के साथ

- शत्रुंजय तिवारी

एक टीचर ने इलेक्शन में किस्मत

एक टीचर ने इलेक्शन में किस्मत आजमाई.. वोट मिले सिर्फदो... अब उसने सरकार से जेड प्लस सुरक्षा की मांग की.. कलेक्टर साहेब ने समझाते हुए कहा आपको सिर्फदो वोट मिले हैं। आपको जेड प्लस कैसे दे सकते हैं? टीचर बोलीः- "जिस शहर में इतने लोग मेरे खिलाफ हों तो मुझे सुरक्षा मिलनी ही चाहिए।" - **रेनु जैन**

मेरे सीने में दिल तुम्हारा है हाय कितना



मेरे सीने में दिल तुम्हारा है हाय कितना हसीं नज़ारा है ख़ौफ़क्यों हो मुझे अंधेरों से मेरी क़िस्मत का तू सितारा है तुझ तलक बार बार आती हूँ मैं लहर और तू किनारा है तेरा मेरा नहीं है अब तो कुछ पास जो भी है सब हमारा है। - **आरती कुमारी**

तालियों की गूंज में सच अक्सर

तालियों की गूंज में सच अक्सर दब जाता है, पुरस्कार मिलते हीं सवाल पीछे छूट जाता है. कभी मेहनत को मेडल नहीं मिलता, कभी मेडल को मेहनत नहीं चाहिए होता। मंच पर चमकता है नाम किसी और का, और पसीना किसी गुमनाम का बह जाता है। फिर भी जो चुपचाप ईमानदारी से चलता है, असल सपुरस्कार उसी के भीतर पलता है। - **मिनाक्षी सिंह**

तुम्हें लगता है हम इतने बुरे हैं ? मुहब्बत

तुम्हें लगता है हम इतने बुरे हैं ? मुहब्बत फिर हुई कैसे ? बताओ बुरे लोगों से चाहत में मिला क्या ज़माने भर को अब तुम ये बताओ चलो माना तुम्हें अफ़सोस है अब तो हम से दूर जा कर के.. बताओ। - **ममता लड़ीवाल**

हम तुम्हारी आस्थाओं के पोषक, फिर

हम तुम्हारी आस्थाओं के पोषक, फिर भी कहते नीच हो हम तुम्हारी जड़ रहे हैं , झूठी आस्थाओं का हम क्या करें मूर्ख, अधम, नीच, अछूत, हम इस हेयता में क्या-क्या रहे नोंचते कीड़े रहे औ पूज्य, हम आंखवाले जुबां का क्या करें। - **केदार शब्द मसीहा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज दिन का पहला भाग सुख-शांति से व्यतीत करेंगे आलस्य के कारण घरेलु कार्यो को अनदेखा करेंगे जिससे मामूली नोकझोंक हो सकती है।

वृषः आज के दिन आपको विविध उलझनों का सामना करना पड़ेगा खासकर पारिवारिक उलझने अकस्मात गंभीर रूप धारण कर सकती है।

मिथुनः आज के दिन आपको घर अथवा व्यावसायिक क्षेत्र पर कुछ विशेष कार्य सौपे जा सकते है इन्हें यथा शीघ्र पूर्ण कर लेंगे।

कर्कः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी। आकस्मिक कार्य आने से यात्रा करनी पड़ सकती है।

सिंहः आज आप कई दिनों से टल रही घरेलु उलझनों को सुलझाने में व्यस्त रहेंगे घर के सभी सदस्य बैठ कर महत्त्वपूर्ण विषयो पर चर्चा कर सकते है।

कन्याः आज के दिन गृहक्लेश के कारण वातावरण कलुषित होगा। भाई-बंधू वैरभाव रखेंगे परिवार के अन्य सदस्य भी आपका पक्ष लेने से बचेंगे। जमीन जायदाद सम्बंधित कार्य जल्दबाजी अथवा भावुकता में ना करें।

तुलाः आपका आज का दिन साधारण रहेगा फिर भी मानसिक रूप से प्रसन्न रहने के वातावरण बनते रहेंगे। सेहत में थोड़ी खराबी रह सकती है गले अथवा छाती सम्बंधित रोग से कष्ट होगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप प्रत्येक कार्यो में आलस्य-प्रमाद के कारण लाभ के अवसर हाथ से गवां सकते है। परिवार अथवा सहकर्मियो पर नाजायज अधिकार चलाने के कारण उग्र वातावरण बनेगा। वाणी में भी कड़वाहट रहने से लोग दूरी बनाएंगे।

धनुः आज का दिन आप आनंद के साथ व्यतीत करेंगे। घर बाहर का वातावरण सहयोगी रहने से समस्त कार्य आसान बनेंगे फिर भी कुछ कार्य आज अधूरे भी रह सकते है। सामाजिक कार्यो में सहभागिता बढ़ने से मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

मकरः आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्तिथियां आपकी आशाओं के विपरीत रहेंगी। पारिवारिक उलझनों के चलते अपने आपको बंधन में अनुभव करेंगे। प्रियजनों के विषय में आप के विचार बदल जाएंगे।

कुंभः आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

मीनः आज का दिन आपको पुराने परिश्रम का फल देगा। व्यवहारिकता से बनाये सम्बन्धों से लाभ की संभावनाएं बनेगी। व्यवसाय से भी मध्यान तक प्रचुर मात्रा में लाभ अर्जित कर पाएंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) 2025 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा चांगी किस देश में स्थित है?

2) प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में भारत में रोलिंग प्लान कब शुरू हुआ था?

3) हिमाचल प्रदेश में थोड़ा मार्शल आर्ट किसका हिस्सा है?

4) कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक प्रतियोगी के रूप में भारत का स्थान क्या है?

5) महिला भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक होने वाली पहली महिला अधिकारी कौन बनी हैं?

उत्तरमाला-(1) सिंगापुर (2) 1978 (3) मार्शल आर्ट (4) तीसरा (5) सई जाधव

शब्द सागर

संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेज स्नातकोत्तर कोर्स भर्ती में जीरो ईयर होने का खतरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन महीना में चली आ रही स्नातकोत्तर काउंसलिंग में बार-बार प्रकाशित नियमों में बार-बार फेरबदल होने से सरकार और स्नाकोत्तर सीट में भर्ती के इच्छुक मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त छात्रों के बीच माननीय सुप्रीम कोर्ट और माननीय हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई लगातार जारी है।ज्ञात हो स्वास्थ्य विभाग ने अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद राज्य सीटों के कोटे में परिवर्तन कर दिया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों का कोटा घटकर 25 प्रतिशत रह गया था।न्याय की गुहार पाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट पहुंचे हैं, प्रकाशित नियम देश के सभी राज्यों में प्रचलित सीट आवंटन प्रक्रिया का उल्लंघन है।पिछले सप्ताह माननीय सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान माननीय कोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को माननीय हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का आदेश दिया था, जिसे राज्य सरकार ने करने में देरी की है, रिव्यू पिटिशन दायर करने के बाद छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस पढ़े हुए छात्रों को न्याय प्राप्त हो सकेगा, लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग ने रिव्यू पिटीशन फाइल ना करके कथनी और करनी में अंतर साबित कर दिया है।

आर्थिक सशक्तिकरण से बदलती महिलाओं की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है। प्रतिमाह प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि परिवार और समाज में उनकी सशक्त पहचान भी बन रही है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक आ रहे है प्रदेश दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव आगामी तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रदेश संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं का यह महत्वपूर्ण दौरा है। इस दौरान वे केनाल रोड स्थित पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे व छत्तीसगढ़ के हित में जमीनी लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक संगठन के महत्वपूर्ण लोगो से मिलेंगे व हाल ही में पार्टी का संगठन विस्तार हुआ है जिसमें नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई है उन सभी पदाधिकारी को दोनों नेता पार्टी संगठन और कार्य के लिए दिशा निर्देश देंगे श्री जायसवाल ने आगे कहा कि प्रदेश के सहप्रभारी मुकेश अहलावत जी दुर्ग व राजनांदगांव लोकसभा के पदाधिकारियों से संगठन की समीक्षा कर होने वाले निकाय चुनाव की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण बैठक लेंगे ।

शुक्र उदय 1 फरवरी को, 4 से शुरू होंगे विवाह...

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रहों के राजा सूर्य ने 16 दिसंबर को धनु राशि में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही खरमास शुरू हो गया। इसकी वजह से विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ, मुंडन और नए कार्यों की शुरुआत समेत सभी मांगलिक कार्य 14 जनवरी तक नहीं होंगे। इससे पहले 9 से 15 दिसंबर के बीच शुक्र अस्त रहा, इसकी वजह से आयोजनों में रोक लगी रही। इन्हीं कारणों से 11 दिसंबर के बाद मुहूर्त नहीं होने की वजह से मांगलिक कार्यों में विराम लग गया। शुक्र अस्त होने के कारण जनवरी में मुहूर्त नहीं हैं। ज्योतिषीय मान्यता है कि विवाह के लिए गुरु और शुक्र दोनों का उदय स्थिति में होना अनिवार्य है। खरमास की यह अवधि धार्मिक साधना, दान और व्रतों के लिए विशेष मानी जाती है। लालपुर शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख दंडी स्वामी डॉ. इंदु भवानंद ने बताया कि ऋषिकेष पंचांग के अनुसार शुक्र का उदय एक फरवरी को होगा। फिर 4 फरवरी से विवाह के मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। हालांकि अलग-अलग पंचांगों में शुक्र उदय 3, 4 और 5 फरवरी भी बताया गया है।

वर्ष 2026 में शादी-ब्याह के लग्न

30 और 31 दिसंबर को पुत्रदा एकादशी पड़ रही हैमान्यता है कि सूर्य के धनु राशि में रहते मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। मार्गशीर्ष, पौष का यही समय सूर्य पूजा, एकादशी व्रत और पितृ तर्पण के लिए उत्तम माना गया है। इस बार दिसंबर में तीन एकादशी पड़ रहे हैं।

रायपुर-भिलाई में लीगलएज को सफल छात्रों ने दिलाई नई विश्वसनीय पहचान

रायपुर/भिलाई /नवप्रदेश। लीगलएज कोचिंग इस्टीट्यूट शंकर नगर रायपुर और भिलाई के संचालक मनीष त्रिपाठी ने अपने इस्टीट्यूट की सफलता का श्रेय यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को दी है । संस्थान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में लीगलएज के संचालक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि लीगलएज को विश्वसनीय बनाने वाले छात्र-छात्राओ का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने क्लैट तथा एलेट 2026 की परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़कर अपने माता -पिता के साथ संस्थान का नाम रौशन किया है।

लीगलएज में आयोजित विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मनीष त्रिपाठी ने सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के शाल और संस्थान की ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मनीष त्रिपाठी ने संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए लीगलएज की शुरूआत कैसे हुए और इस दौरान आने वाली कठिनाइयों को साझा किया।

त्रिपाठी ने बताया कि संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थी होते है वहीं संस्थान को उंचाई तक पहुंचाने के मापदंड तय करते है। उत्कृष्टता की विरासत को निरंतर बरकरार रखना अपने आप में बहुत मुश्किल और चुनौती पूर्ण कार्य है। लीगलएज में पढ़ाई करने वालों छात्रों ने इस विरासत को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से बरकरार रखा। अपने बेहतरीन परफारमेंस से देश भर में आयोजित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयूएस) में प्रवेश परीक्षा क्लैट 2026 के परिणामों में लीगलएज (बाय टापरैंकर्स) ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की। लीगलएज रायपुर तथा भिलाई के कुल 35 से अधिक छात्र -छात्राओं ने उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर न केवल अपने सपनों को नई उड़ान दी बल्कि राज्य की शैक्षणिक गुणवत्ता का गौरव बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। लीगलएज के मार्गदर्शन में एलेट 2026 की परीक्षा में केशर जैन ने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 11 हासिल किया है। वहीं क्लैट 2026 की परीक्षा में पूर्वी पटेल ने एआईआर 208, आर्यन पांडेय ने एआईआर343 (राज्यवार रैंक 0-3) हासिल किया है। राज्य की श्रेणीवार रैंकिंग में गुंजन रंहगडाले ने रैंक 38, अथर्व खंडेलवाल ने रैंक 23, अदिति सिंह ने महिला श्रेणी में रैंक -1, सिद्धि अग्रवाल ने रैंक 22, सृष्टि शुक्ला ने रैंक 31, आदित्य गिरी ने रैंक 13, प्रियांक बघेल ने रैंक 12, वृंदा चौबे ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी में रैंक 12, आयुष मित्तल ने रैंक 40, वैष्णवी कोलकोंडी ने रैंक 157, आदित्य यादव ने रैंक 24, अंशुल सिंह ने रैंक 25, राघन खानखोजे ने रैंक 26, रिया कुर्रे ने एससी महिला श्रेणी में रैंक- तथा अर्पित ने राज्यवार रैंकिंग में रैंक 49 हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है।

पर्यटन विभाग के सहयोग से रायपुर में पहली बार होगा 'केरा वैन फेस्ट'

विशेष रूप से तैयार की गई कैरा वैन होगी आकर्षण का केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देने की दिशा में एक अनूठी पहल के रूप में कैरा वैन फेस्ट'' का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को अरन्यम्म रिसॉर्ट, माना बस्ती, माना तूता रोड, रायपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रायोजन में तथा ओवरलैंडर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संपन्न होगा। इस आयोजन की थीम है-''अ शार्ट जर्नी इन टू द हार्ट ऑफ छत्तीसगढ़''

शाम 4 बजे से 8 बजे तक चलने वाले इस विशेष फेस्टिवल में एडवेंचर, नेचर और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कैरा वैन फेस्ट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को कैरा वैन टूरिज्म, कैंपिंग और अनुभवात्मक यात्रा के एक नए और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं हैं, नाइट कैंपिंग, स्टारगेजिंग, बॉलीवुड म्यूजिक और स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन हैं। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है।

कैरावैन एक विशेष प्रकार का वाहन होता है जो कैंपिंग और लंबी यात्राओं के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें रहने, खाने-पीने और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था होती है। यह स्व-निर्भर यात्रा का प्रतीक है, जहां यात्री बिना होटल पर निर्भर हुए सड़क मार्ग से दूरस्थ स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन के संदर्भ में, विशेष रूप से तैयार की गई कैरावैन इस फेस्ट का मुख्य आकर्षण होगी, जो राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को अनुभवजन्य तरीके से पेश करेगी।

कैरावैन पर्यटन से राज्य के जंगलों, झरनों और पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी, जिससे अनुभवजन्य यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यह युवा घुमक्कड़ों और स्थलयात्रा समुदाय (ओवरलैंडिंग कम्युनिटी) को आकर्षित कर पर्यटन आय बढ़ाएगा। आने वाले समय में कैरावैन रूट्स विकसित होने से स्थानीय रोजगार और इको-टूरिज्म को मजबूती मिलेगी।

यह फेस्ट खास तौर पर युवाओं, ट्रैवल एंथूजियास्ट्स और ओवरलैंडिंग कम्युनिटी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे लोग छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृतिक विविधता को एक नए अनुभव के साथ महसूस कर सकेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन एनएम इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। अरन्यम्म रिसॉर्ट इस आयोजन का हॉस्पिटैलिटी पार्टनर है और इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएसन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा समर्थित है। आयोजकों ने ट्रैवल ब्लॉगर्स, एडवेंचर प्रेमियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से इस अनूठे आयोजन में शामिल होकर छत्तीसगढ़ के दिल की इस छोटी लेकिन यादगार यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025

रायपुर/नवप्रदेश। शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए राजकुमार कॉलेज, रायपुर, छत्तीसगढ़ ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025 के प्रथम दिवस का आयोजन 20 दिसंबर को जशपुर हॉल में गरिमा एवं उत्साह के साथ किया। शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह में बाराम्बा के राजा त्रिविक्रम चंद्र देव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ देशभक्ति की भावना के साथ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथि जशपुर हॉल पहुँचे, जहाँ कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ विद्यालय गीत 'सारे जहाँ से अच्छा' की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य, लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह (वेटरन) ने उपस्थित जनसमूह का आत्मीय स्वागत किया तथा अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली ज़िंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाहिल के निवासी हरप्रसाद के लिए पक्का घर कभी केवल एक सपना था। सीमित आय और आर्थिक तंगी के कारण वे वर्षों से खपरे और टीन की छत वाले कच्चे मकान में रहने को विवश थे। बरसात का मौसम उनके लिए सबसे कठिन होता। संसाधनों के अभाव में न तो नया घर बनाना संभव था और न ही पुराने छप्पर की समुचित मरम्मत।

ऐसे समय में शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना हरप्रसाद के जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना अंतर्गत उनका आवास स्वीकृत हुआ तथा 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की गई। इससे उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण कराया, जो वर्ष 2025-26 में साकार हुआ। आज श्री हरप्रसाद अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहे हैं। अब उन्हें न बारिश का भय है और न ही असुरक्षा की चिंता। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ उन्हें महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से एलपीजी गैस कनेक्शन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का भी निर्माण इन योजनाओं ने उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। हरप्रसाद कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीब परिवारों को केवल आवास ही नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा प्रदान करती हैं।

चेम्बर ने नई ट्रेन चलाने और रेल सुविधाओं के महत्वपूर्ण सुझाव दिए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में DRUCC की बैठक में गूंजी व्यापारियों की मांगः चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश जैन ने नवीन ट्रेन चलने की मांग करते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु रखे महत्वपूर्ण सुझाव

19 दिसम्बर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे , रायपुर मंडल द्वारा मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बैठक में रेलवे प्रशासन और समिति के सदस्यों के बीच यात्री सुविधाओं, नविन ट्रेन चलने एवं रेल विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के मार्गदर्शन में DRUCC सदस्य एवं चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने प्रमुखता से अपनी बात रखी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न व्यापारिक संगठनों और चेम्बर की क्षेत्रीय इकाइयों से प्राप्त सुझावों और मांगों को बिंदुवार मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

लोकेश जैन ने व्यापारियों और आम जनता की सहूलियत के लिए निम्नलिखित विषयों पर जोर दिया

नई ट्रेनों का परिचालन:- व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रूटों पर नई ट्रेनों की शुरुआत और फेरे बढ़ाने की मांग साथ ही नई लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग।

स्टॉपेज का विस्तार:- रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रमुख स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा।

माल ढुलाई में सुगमता:- व्यापारियों के लिए वैगन की उपलब्धता और लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने एवं पार्सल बुकिंग काउंटर और गोडाउन बढ़ाने का सुझाव।

नवीन सुपरफास्ट ट्रेनों का चालन:- रायपुर से अमृतसर,कोल्हापुर,बैंगलोर,उदयपुर,अहमदाबाद,रामेश्वरम एवं न्यू जलपाईगुडी के लिए नई सुपरफास्ट ट्रेने की मांग की ।

नवाचार तकनीक को बढ़ावा:- रायपुर एवं दुर्ग जैसे मॉडर्न स्टेशनों में पुर्णतः नवाचार तकनीक से नविन लाइब्रेरियां प्रारंभ की जाए।

एम्बुलेंस सुविधा:- रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन में 24×7 स्थाई रूप से एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जनता मील (भोजन):- रायपुर सहित प्रदेश के सभी प्रमुख स्टेशनों में जनता मील (भोजन) सुविधा सुदृढ़ करने हेतु ध्यान आकर्षित किया ।

'नई चेतना 4.0' अंतर्गत राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन

■ **महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा एवं लैंगिक समानता पर हुआ गहन मंथन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना 4.0' के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन आज नए सर्किट हाउस रायपुर में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अश्विनी देवांगन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल महिलाओं के हक-अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री सिंह ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को एक सशक्त मंच मिलेगा, जहाँ वे अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका एवं भागीदारी है।

मिशन संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवांगन ने कहा कि जेंडर केवल किसी एक विभाग का विषय नहीं है, बल्कि शासन के सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

2047 तक सिकलसेल मुक्त भारत का संकल्प

छत्तीसगढ़ में 1.65 करोड़ से अधिक की जांच

■ **27 हजार से अधिक सिकल सेल मरीजों की पहचान एवं निःशुल्क उपचार**



रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को प्रारंभ किए गए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2047 तक सिकल सेल को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य में 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के नागरिकों की व्यापक सिकल सेल स्क्रीनिंग कर सिकल सेल कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

राज्य में अब तक लगभग 1 करोड़ 65 लाख लोगों की सिकल सेल जांच कर भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जा चुका है। इनमें 3 लाख 35 हजार से अधिक सिकल सेल वाहक तथा 27 हजार 135 सिकल सेल मरीजों की पहचान हुई है। सभी चिन्हित सिकल सेल मरीजों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और सतत उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सिकल सेल प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय तैयारी की है। विगत दो वर्षों में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सिकल सेल उपचार में प्रयुक्त हाइड्रोक्सीयूरिया दवा की खपत 1 लाख कैप्सूल से बढ़कर 5 लाख कैप्सूल तक पहुंच गई है, जो उपचार की निरंतरता और पहुंच का प्रमाण है। इसके साथ ही, पिछले एक वर्ष में 5,232 सिकल सेल मरीजों का फॉलोअप किया गया है, जिससे सिकल सेल क्राइसिस और रक्त की आवश्यकता में कमी लाई जा रही है।विभाग द्वारा सभी सिकल सेल मरीजों की हर तीन माह में निःशुल्क रक्त, लीवर एवं किडनी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिला देश में पहला जिला बना है, जहां लक्षित जनसंख्या की शत-प्रतिशत सिकल सेल स्क्रीनिंग पूर्ण की गई है।

सिकल सेल मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए राज्य शासन द्वारा पात्र मरीजों को नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही, मरीजों की सुविधा हेतु मेडिसिन चार्ट, पेशेंट बुकलेट, दर्द प्रबंधन दिशानिर्देश सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

भविष्य की उन्नत चिकित्सा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एम्स, रायपुर में 'सिकल सेल सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस' विकसित किया जा रहा है, जहां निकट भविष्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जेनेटिक एनालिसिस, ष्ट्र्क्स टेस्ट जैसी उच्च तकनीकी सेवाएं सिकल सेल मरीजों को उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

अंतागढ़ के सुदूर अंचल के स्कूलों का डीईओ ने किया निरीक्षण

शिक्षा गुणवत्ता व मध्यान्ह भोजन की हुई समीक्षा

■ खनिज प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को जिला मुख्यालय लाने की पहल

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के सुदूर एवं दुर्गम अंचल में शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय कांकेर अंतर्गत विकासखंड अंतागढ़ के अंतिम छोर जो जिला नारायणपुर की सीमा से लगा हुआ है, वहां स्थित शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला आतुरबेड़ा, प्राथमिक शाला भैंसगांव, माध्यमिक शाला भैंसगांव एवं हाई स्कूल तालाबेड़ा का गहन निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं नवनीत पटेल डीएमसी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मध्यान्ह भोजन योजना एवं अन्य शैक्षणिक बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने शिक्षकों को नियमित अध्यापन, बच्चों की सतत निगरानी एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा और ग्रामीणों की सहमति के बिना वनों की कटाई कैसे की जा रही है : विक्रम मंडावी

■ वन विभाग की अंधाधुंध पेड़ कटाई पर विधायक विक्रम मंडावी का तीखा प्रहार!

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने रविवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग का बीजापुर जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां संविधान की पांचवीं अनुसूची लागू है। 25 जनवरी 1994 से पंचायती राज व्यवस्था के साथ ही प्रदेश में पेसा कानून भी लागू है। इनके तहत ग्राम सभा सर्वोपरि है और गांव में किसी भी विकास कार्य के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है। यह संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया हमारे लोकतंत्र को मजबूत करती है।

प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि पिछले कुछ दिनों से बीजापुर का वन विभाग संविधान की पांचवीं अनुसूची, पंचायती राज व्यवस्था, पेसा कानून और ग्राम सभा की भावना का सम्मान नहीं कर रहा है और इन कानूनों को दरकिनार कर बिना ग्रामीणों की सहमति के मशीनों से अंधाधुंध वनों की कटाई की जा रही है।

विधायक विक्रम मंडावी को ग्रामीणों ने बताया कि जब ग्रामीणों ने बिना ग्राम सभा और बिना ग्रामीणों की सहमति से वनों की मशीनों से कटाई का विरोध किया तो डीएफओ द्वारा उन्हें जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। उक्त बातें बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने जिले के पेद्दाकोडेपाल और कांवड़गांव के दौरे के दौरान मौक़ा मुआयना के बाद प्रेस वार्ता में कही है। आगे विधायक ने कहा कि ग्रामीणों से मुलाकात और चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें यह भी बताया है कि दोनों गांव में वन विभाग अब तक हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई मशीनों के जरिये कर चुका है।

विधायक ने कहा कि बीजापुर के डीएफओ और वन विभाग का यह रवैया आदिवासी ग्रामीणों तथा वन विभाग के बीच अविश्वास पैदा कर रहा है, जिसे तत्काल दूर किया जाना चाहिए था लेकिन डीएफओ और वन विभाग ऐसा नहीं कर रहे हैं।विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि ÷जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की आस्था एवं जीवन का आधार हैं।

■ न्यूज गैलरी

समाजसेवी संस्था प्रमुख पप्पू मोटवानी ने बच्चों को पिलाई पोलियो की घूंट

काँकेर/नवप्रदेश। पल्स पोलियो जैसे अखिल भारतीय स्तर के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सामाजिक सेवा संस्था ÷जन सहयोग समाजसेवी संगठन ने शानदार सहयोग दिया। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग तथा जन -सहयोग के सदस्य उपस्थित हो गए और उसके पश्चात शिशुओं को ला कर पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का सिलसिला शुरू हो गया । मुख्य कार्यक्रम शहर के सबसे पुराने शतवार्षीय स्कूल जिला अस्पताल के निकट कन्या शाला मैं रखा गया था।जहां जनकपुर वार्ड की पार्षद मंजू सारथी तथा जन -सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न किया तथा शुरू में आने वाले अनेक शिशुओं को अपने कर कमलो से पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिलाई। उल्लेखनीय है कि पोलियो रोग से पहले विश्व में अनेक बच्चे अपने शैशव काल में ही अपाहिज हो जाया करते थे, जिसकी रोकथाम के लिए विश्व स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सरकारों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के माध्यम से प्रेरित किया गया। भारत में भी यह कार्यक्रम 30 वर्षों से अधिक समय से चला आ रहा है और देश को पोलियो रोग मुक्त मान लिया गया है, फिर भी अतिरिक्त सावधानी के तौर पर यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष दिसंबर में आयोजित किया जाता है और शिशुओं को पल्स पोलियो ड्रॉप्स पिलाए जाते हैं। जन सहयोग सामाजिक संस्था इस प्रकार के के सरकारी कार्यक्रमों में स्वयं होकर सहयोग देती है ।आज भी जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके साथियों ने घर-घर जाकर लोगों को अपने बच्चों को पल्स पोलियोबूथ पहुंचाने की अपील की, अनेक को वहां तक पहुंचाया भी और ड्रॉप्स पिलाने में भी सहयोग किया, जिसमें उनके साथ संस्था के जितेंद्र प्रताप देव, करण नेताम, अमृत जवरानी, अखिलेश साहू आदि सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। जनकपुर वार्ड की पार्षद मंजू सारथी ,आरएमओ सुदर्शन सलाम, मितानिन शकुंतला यादव ,मितानिन हर्षा साहू तथा महिला कार्यकर्ताओं ने भी भरपूर सहयोग दिया। आशा की जाती है कि आज की समाज सेवा से काँकेर क्षेत्र के सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे तथा बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जन- जागरूकता का विस्तार होगा।

29 व 30 कोकपुर में दो दिवसीय मेला का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। शहर से सटे ग्राम कोकपुर का दो दिवसीय मेला का आयोजन 29 व 30 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। 25 दिसम्बर को ग्राम के शीतला मंदिर में माता पहुँचानी होना है। जिसके बाद गांव में मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। सरपंच श्रीमती निशा दुग्गा और उपसरपंच चुनेश्वर जैन ने बताया कि गांव में मेला के आयोजन को लेकर तैयारी किया जा रहा है साथ ही व्यापारीयों बंधुओ से अपील किया है अधिक से अधिक संख्या में आकर मेला के आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

मार्गदर्शन निरंतर: कलेक्टर की सराहनीय पहल

शीतकालीन अवकाश में जारी रहेगा 10वीं–12वीं का उपचारात्मक शिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षा 2025-26 में जिले के विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम दिलाने तथा उनके शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कांकेर जिला प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं के नाम अनुरोध सह अपील पत्र जारी किया गया है।

इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शीतकालीन अवकाश को केवल विश्राम का समय न मानते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण के अवसर के रूप में उपयोग किया जाए। इसी दृष्टिकोण के साथ कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भौतिक अथवा वर्चुअल उपचारात्मक शिक्षण निरंतर संचालित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों का संपर्क अपने मेंटर शिक्षकों से बना रहे–मेंटोर वही रहेगा की भावना के साथ।

कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए विषयवार ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। ये कक्षाएं Google Meet, Zoom, WhatsApp Video कॉल अथवा अन्य उपलब्ध डिजिटल माध्यमों से शिक्षकों की सुविधा अनुसार संचालित होंगी। साथ ही यह भी अपील की गई है कि जहां संभव हो, वहां भौतिक कक्षाएं लेना विद्यार्थियों के लिए और अधिक लाभकारी सिद्ध होगा।

इन कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य कमजोर, औसत एवं परीक्षा उन्मुख विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें लक्षित उपचारात्मक सहयोग प्रदान करना है। बोर्ड परीक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण अध्यायों, कठिन टॉपिक्स, प्रश्न-पैटर्न, पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों, मॉडल प्रश्नों की पुनरावृत्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर लेखन अभ्यास, समय प्रबंधन तथा प्रस्तुति कौशल विकसित करने हेतु विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हो सके।

निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ऑनलाइन कक्षा की अवधि 30 से 45 मिनट निर्धारित की गई है। कक्षा का समय पूर्व में विद्यार्थियों को सूचित किया जाएगा। विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक स्तर के अनुसार वर्गीकृत करते हुए–कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष उपचारात्मक सत्र, औसत विद्यार्थियों के लिए अभ्यास आधारित कक्षाएं तथा श्रेष्ठ विद्यार्थियों के लिए पुनरावृत्ति एवं परीक्षा रणनीति पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे।

अध्ययन सामग्री के अंतर्गत संक्षिप्त नोट्स, पीडीएफ फाइलें, प्रश्न बैंक, वीडियो लिंक तथा दैनिक एवं साप्ताहिक अभ्यास प्रश्न उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी तथा विद्यार्थियों की सहभागिता एवं प्रगति का संक्षिप्त फीडबैक तैयार किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार पालकों से भी संपर्क कर विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ ने सभी शिक्षकों से आपसी समन्वय बनाकर समय-सारणी तैयार करने की अपील की है, ताकि कक्षाओं में टकराव न हो।

सुकमा में नौ दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन

■ मिनी स्टेडियम में उमड़ेगा श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों का सागर

सुकमा/नवप्रदेश। सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा, रामभक्ति और भारतीय जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुकमा जिला मुख्यालय में नौ दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री नारायणी महिला मानस मंडली एवं भक्तजन सुकमा के तत्वावधान में यह आयोजन 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक मिनी स्टेडियम, सुकमा में आयोजित होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाली इस कथा में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रसास्वादन का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा।

इस दिव्य आयोजन में पूज्य मुरलीधर जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन, ब्रजक्षेत्र) अपने मधुर, ओजस्वी एवं भावप्रवण प्रवचनों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा, करुणा एवं धर्म के संदेश को सरल एवं प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत करेंगे। कथा के माध्यम से रामायण के प्रसंग केवल श्रवण का विषय नहीं रहेंगे, बल्कि वे जीवन जीने की प्रेरणा बनकर श्रोताओं के हृदय में उतरेंगे। कलश यात्रा व वेदी पूजन से होगा शुभारंभ कथा महोत्सव का शुभारंभ 20 दिसंबर, पंच शुक्ल प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं श्रीराम नाम स्मरण के साथ होगा। श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से नगर भ्रमण करेंगी, जिससे संपूर्ण वातावरण राममय हो उठेगा। इसके पश्चात कथा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।रामकथा के भावपूर्ण प्रसंगों का क्रमबद्ध वर्णन आयोजन के दौरान प्रतिदिन रामायण के प्रमुख एवं प्रेरक प्रसंगों का क्रमबद्ध वर्णन किया जाएगा।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 सम्पन्न युवाओं की प्रतिभा से गूंजा सुकमा

100 से अधिक प्रतिभागियों ने बिखेरा रंग

सुकमा/नवप्रदेश। जिले के युवाओं की सृजनशीलता, सांस्कृतिक चेतना और बौद्धिक क्षमता को मंच देने के उद्देश्य से रविवार को जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र परिसर में आयोजित इस महोत्सव में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के करीब 100 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी व कविता लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, पारंपरिक वेशभूषा और नवाचार जैसी विविध प्रतियोगिताओं में युवाओं ने रचनात्मकता और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।प्रशासन की ओर से सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी आयोजन के तहत सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

लोकनृत्य विधा में लीलेंद्र मांडवी, दीपक नाग, भीमा वेट्टी, यशोदा नाग, स्मिता नाग, करतम रंगी, रवीना नाग, मड़कम विजेता, दिलीप सोढ़ी, अजय कुमार एवं राकेश कुमार ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लोकगीत में बसंती माड़वी, मानकी कश्यप, सरिता मडियम, कट्टम सुशीला, दीविका बघेल और राहुल नाग विजेता रहे। पारंपरिक वेशभूषा में धनीराम बघेल, चित्रकला में राहुल पदामी, कहानी लेखन में गामिनी साहू, वाद-विवाद में सुशील मरकाम, कविता लेखन में भुवनेश्वर टंडन तथा नवाचार विधा में सेमल श्रुति और सेमल साइकिरन ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

कलेक्टर अमित कुमार ने धान खरीदी केंद्र सुकमा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

सुकमा/नवप्रदेश। कलेक्टर अमित कुमार ने शुक्रवार को धान खरीदी केंद्र सुकमा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया, व्यवस्थापन और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुचारु रूप से संचालित की जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में हमालों की उपलब्धता, बारदाना व्यवस्था, धान मापन में उपयोग किए जा रहे उपकरणों की स्थिति और टोकन प्रणाली के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और नियमानुसार सुनिश्चित की जाएं, जिससे खरीदी कार्य प्रभावित न हो।अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल और छांव जैसी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि सुकमा धान खरीदी केंद्र में कुल 1,876 किसानों का पंजीयन किया गया है। इनमें से अब तक 279 किसानों से 16,658 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जबकि 3,800 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। खरीदी और उठाव की प्रक्रिया लगातार जारी है। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

केंद्र में पर्याप्त तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए

कलेक्टर कुमार ने पंजीयन गोस्वारा को सप्ताह के अंत तक नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी से संबंधित सभी आंकड़े अद्यतन और सत्यापित होने चाहिए। संभावित असमय बारिश को ध्यान में रखते हुए केंद्र में पर्याप्त तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि धान सुरक्षित रहे और किसानों को नुकसान न हो। उन्होंने तिरपाल, शेड और सुरक्षित भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

जिला स्तरीय सेसिटाइजेशन कार्यक्रम संपन्न

बीजापुर / नवप्रदेश। रेजिंग एंड एक्सीलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय सेसिटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत बीजापुर सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भास्कर फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत बीजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के शुरुआत में भास्कर फाउंडेशन के जोनल हेड श्री अभिषेक सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुई। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं के रूप में श्री रवि सिंह एवं श्री पंकज मसीह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम सुश्री कल्पना दीप एवं ब्लॉक स्तर के कर्मचारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर ...

के पहाडियों में संदिग्ध डंप की सूचना मिली. पहाडी के तराई को सर्च के दौरान सफलता मिली।

डीजीएन डिवीजन में सक्रिय नक्सलियों ने चट्टानों के अंदर प्लास्टिक ड्रम और स्टील डिब्बो में 1 भरमार बंदूक नग कंपनी निर्मित मोर्टार, 22 नग मोर्टार सेल, 150 नग डेटोनेटर, 18 नग तीर बम्ब और अन्य सामग्रियों छिपा रखा था, जिसे जवानों ने अभियान के दौरान बरामद किया है. इस कार्रवाई से नक्सलियों के साजिश नाकाम हो गई।

'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा...

आठवां संस्करण 10 फरवरी को आयोजित किया गया था। पिछले साल यह चर्चा नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में एक नए और अभिनव प्रारूप में आयोजित की गई थी। प्रधानमंत्री के इस संवाद कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के छात्र शामिल हुए थे। इनमें सरकारी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई से संबद्ध स्कूल और नवोदय विद्यालय के छात्र शामिल थे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष के संस्करण में शामिल होने के लिए 11 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा-संबंधित तनाव, तैयारी, सीख एवं मानसिक दृष्टिकोण पर संवाद करते हैं। वह यह संवाद करते हैं ताकि परीक्षा को उत्सव और सकारात्मक अनुभव के रूप में देखा जा सके।

बीते वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में 245 से ज्यादा देशों के छात्रों, 153 देशों के शिक्षकों और 149 देशों के अभिभावकों की भागीदारी रही थी। तब इस व्यापक भागीदारी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख?या में असाधारण वृद्धि देखी गई है। 2018 में हुए पहले संस्करण में जहां केवल 22,000 प्रतिभागी थे। वहीं 2025 के आठवें संस्करण में पंजीकरण की संख्या 3.56 करोड़ तक पहुंच गई। इसके साथ ही, परीक्षा पे चर्चा 2025 से संबंधित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन गतिविधियों में 1.55 करोड़ लोगों ने भाग लिया जिससे इसमें कुल भागीदारी लगभग 5 करोड़ हो गई।

रिश्वतखोरी : सीबीआई ने ...

को देखने वाले प्रतिनिधि राजीव यादव और रवजीत सिंह, बेंगलुरु में रहकर लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा से नियमित संपर्क बनाए हुए थे और सरकारी विभागों व मंत्रालयों से अपने व्यावसायिक स्वार्थों को साधने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी कड़ी में 18 दिसंबर 2025 को आरोपी कंपनी के निर्देश पर विनोद कुमार के जरिए 3 लाख रुपए की रिश्वत लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा तक पहुंचाई गई। मामले में श्रीगंगानगर, बेंगलुरु, जम्मू और अन्य स्थानों पर तलाशी की जा रही है। दिल्ली स्थित लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा के आवास से 3 लाख रुपये की रिश्वत राशि के साथ 2.23 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए हैं, जबकि श्रीगंगानगर स्थित आवास से 10 लाख रुपए नकद और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 23 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। सीबीआई इस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

पर्यटन के समग्र विकास के...

में भी नई और प्रभावी पहल शुरू की जा सकती हैं।

पत्रकारों से आग्रह

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के अनुभवों को यात्रा-वृत्तांत के रूप में लिपिबद्ध करें, जिससे यह आम पर्यटकों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी है।

राज्य की नई उद्योग नीति

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पर्यटन को राज्य की नई उद्योग नीति में शामिल किया गया है। इसके तहत सुदूर वनांचलों में होम-स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि पर्यटक ग्रामीण परिवारों के साथ रहकर उनकी संस्कृति, खान-पान और जीवनशैली को नजदीक से अनुभव कर सकें। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों में छत्तीसगढ़ के धुड़मारास को शामिल किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि इन पर गंभीरता से विचार कर उन्हें अमल में लाया जाएगा।

राज्य निर्माण से वर्तमान तक की विधायी यात्रा

इस अवसर पर जशपुर से विजय त्रिपाठी ने बताया कि राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधानसभा देखने का अवसर मिला, जहां आमजन को विधि निर्माण की प्रक्रिया और विधानसभा की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए एक भव्य संग्रहालय का निर्माण किया गया है। इस संग्रहालय के माध्यम से राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक की विधायी यात्रा और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान को समझने का अवसर मिलता है।

पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया

कोरबा से विजय खेत्रपाल ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से यह समझने का अवसर मिला कि राजस्थान में सैकड़ों वर्ष पुराने किलों और महलों को आधुनिक जनसुविधाओं से जोड़कर पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है।

न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट, ठंड से बचने अलाव का सहारा

सर्द हवाओं से पड़ रही कड़ाके की ठंड, मैनपाट में जमने लगा पाला

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा में शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को मैनपाट का न्यूनतम तापमान गिरकर 1.6 डिग्री पहुंच गया। सुबह ओस जमकर बर्फ बन गई। पाट से लेकर मैदानी इलाकों में भी जमकर पाला पड़े हैं। देर रात सड़कों पर कोहरा भी दिखा। इससे वाहनों की रफ्तार थम गई।मौसम विभाग ने कई इलाकों में अगले 2 दिनों तक घने कोहरे की आशंका जताई है। सरगुजा संभाग के जिलों में एक-दो इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं अगले 3 दिनों में उत्तर क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है।उत्तरी सर्द हवाओं के चलते समूचे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात के तापमान में अचानक लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई। पूरे दिन सर्द हवाओं के चलते ही दिन के समय में भी ठिठुरन बनी रही और दिन में भी लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं। आज न्यूनतम तापमान लगभग 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि मैनपाट और सामरीपाट में इससे भी कम तापमान की गिरावट के साथ ही सुबह पाला पड़ना भी शुरू हो गया है। अत्यधिक ठंड के चलते लोगों की दिनचर्या पर भी असर देखने को मिल रहा है। खेती किसानी करने वाले किसान भी शाम ढलने के पहले अपने घरों को लौट रहे हैं और ठंड से बचने अलाव का सहारा लिया जा रहा है। शहरी इलाकों में भी लगभग यही स्थिति है, जहां लोग दिन में भी गर्म कपड़ों के साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं। प्रशासन द्वारा भी शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में की गई अलाव की व्यवस्था भी लोगों को राहत दिला रही है। सरगुजा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मैनपाट में कड़ाके की ठंड ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। मैनपाट क्षेत्र में भी पूरे दिन सर्द हवाएं चल रही है और लोग ठंड से बचने अलाव और गर्म कपड़े का सहारा ले रहे हैं। पिछले कुछ दिनो से अचानक तापमान में काफी गिरावट का असर खासकर बुजुर्गों और बच्चों में भी काफी अधिक पड़ा है। स्वास्थ्य विभाग भी ठंड से बचने लगातार लोगों को हिदायतें और सलाह भी दे रहा है। जिसमें ठंड के मौसम में सावधानी बरतते हुए गर्म कपड़े पहनने कि और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने का सलाह दी जा रही है।

मौसम विभाग ने जारी किया शीतलहरों का अलर्ट

उत्तर छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने शीतलहरों का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक उत्तरी शीतलहरों के कारण सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

जनजीवन भी हो रहा प्रभावित

कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। अंबिकापुर समेत सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में शीतलहर चलने लगी है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री पर आ गया है। शाम ढलते ही मुख्यमार्गों में सन्नाटा पसर जा रहा है। पाठ व ग्रामीण क्षेत्रों में शाम ढलते ही लोग बाहर निकलने से बच रहे हैं। सड़कों पर भी सन्नाटा पसर जा रहा है। ठंड बढ़ने के कारण सुबह लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। कहीं-कहीं घना कोहरा भी छाने लगा है।

न्यूज गैलरी

ग्राम पंचायतों में लेबर बजट कार्य योजना की समीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में युक्तधारा के तहत ग्राम पंचायतों में की जा रही आधुनिक पद्धति लेबर बजट हेतु कार्ययोजना की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि युक्त धारा के तहत वर्तमान में 433 पंचायतों की प्लानिंग की जा चुकी है एवं ग्रामीण आजीविका में संवर्धन हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही, पीएम जनमन के हितग्राही एवं लखपति दीदियों को आजीविका डबरी दिया जा रहा है, जिससे मत्स्य पालन, एवं बत्तख पालन के साथ-साथ अपने खेती में सिंचाई की सुविधा ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता हेतु नरेगा अंतर्गत क्यूआर कोड लगाया जा रहा है, जिससे पंचायतों में चल रहे कार्यों को स्कैन कर देखा जा सकता है।

अवैध पट्टों के आधार पर दर्ज नामों को विलोपित करने निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने अवैध पट्टों के आधार पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज अनावेदकों के नाम विलोपित कर विभिन्न प्रकरणों में कुल 5.764 हेक्टेयर भूमि पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया है। जारी आदेश के अनुसार, चार राजस्व प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरीया ने जानकारी दी है कि ग्राम सुखरी, नवाडीहकला और खजूरियाडीह के कुल चार प्रकरणों में भूमियों के अवैध पट्टे निरस्त कर संबंधित अनावेदकों के नाम विलोपित किए गए हैं।

ग्राम पंचायत कतेली में प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन

जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दी गई योजनाओं की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत सेक्टर पंचायत ग्राम पंचायत कतेली में शिविर में आयोजित किया गया। शिविर में मत्स्य विभाग के तरफ से एक नग आइस बॉक्स, श्रम विभाग के ओर से 20 श्रमिकों को श्रम कार्ड, 5 लखपति दीदीयो को प्रमाण पत्र, आजीविका मिशन के तहत 5 महिला स्वास्थ सहायता समूहों को 60000 के मान से सीआईएफ की राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को उनके आवास पूर्ण होने के पश्चात उनके मकान की प्रतीकात्मक चाबी, डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति तीन पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी ने की। शिविर में मत्स्य विभाग के तरफ से एक नग आइस बॉक्स, श्रम विभाग के ओर से 20 श्रमिकों को श्रम कार्ड, 5 लखपति दीदीयो को प्रमाण पत्र, आजीविका मिशन के तहत 5 महिला स्वास्थ सहायता समूहों को 60000 के मान से सीआईएफ की राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को उनके आवास पूर्ण होने के पश्चात उनके मकान की प्रतीकात्मक चाबी के साथ ही साथ मुख्यमंत्री द्वारा मनरेगा योजना के तहत लागू की गई डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति तीन पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह के द्वारा भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ आम जनता को प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया गया। क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी के द्वारा सरकार के द्वारा आयोजित शिवरो में आम लोगों के आवेदनों के निराकरण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सरकार एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को बधाई देते हुए आम लोगों से अधिक से अधिक, शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु अनुरोध किया गया।

शिविर में क्षेत्रीय जनपद सदस्य के अतिरिक्त विभिन्न जनपद क्षेत्र संगवाकापा, कोदवाबानी जनपद क्षेत्र, धरमपुरा जनपद क्षेत्र, फंद्वानी जनपद क्षेत्र के सदस्यों के अतिरिक्त 28 ग्राम पंचायत के सभी सरपंच उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से मुंगेली के अनविभागीय अधिकारी (राजस्व) अजय शतरंज, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, जिला अंकेक्षक पंचायत कमलेश मिश्रा के अतिरिक्त विभिन्न ग्रामों से आए हुए ग्रामवासी एवं सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

9 दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन शुरु

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीराम चरित मानस सम्मेलन समिति द्वारा निरंतर 24 वर्षों से श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन बीआरसाव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में 21 से 29 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इस हेतु देश के ख्याति प्राप्त विद्वानों से सम्पर्क कर जन मानस में मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीरामचंद्र जी के आदर्शों के माध्यम से समाज में उच्च आदर्शों की स्थापना कर सामाजिक समरसता समानता, सहित जीवन मूल्यों के विभिन्न पहलुओ के समाधान का मार्ग प्रसस्त होता हैं। श्रीराम चरितमानस सम्मेलन के सफ्ल आयोजन हेतु अध्यक्ष तरुण किशोर सिंह, विनोद पुरी गोस्वामी, डॉ. संजय गोस्वामी, किरण कुमार शर्मा, लखन सिंह राजपूत, नीलकंठ तिवारी, प्रभाकांत शर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, कोमल शर्मा शिवकुमार राजपूत आदि सहित समिति के समस्त सदस्य प्रयासरत हैं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव सम्पन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस चयन स्पर्धा में जिले के युवाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चयन स्पर्धा के अंतर्गत कहानी लेखन, चित्रकला, लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, कविता लेखन एवं एकांकी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कहानी लेखन में लोमशरिषी यादव, चित्रकला में मौली केशरवानी, लोकगीत में प्रमोद कुमार एवं साथी, लोकनृत्य में बिरझू मोहले एवं साथी, पंथी नृत्य में खेलन ओगरे एवं साथी, वाद-विवाद में सूरज शर्मा, कविता लेखन में सकुन यादव, एकांकी में साक्षी सोनी एवं साथी का चयन किया गया।

फेडरेशन के आह्वान पर तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी

नगर पालिका कर्मचारियों ने अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 29, 30 एवं 31 दिसंबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल को लेकर नगर पालिका सक्ती के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल को औपचारिक रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदेश स्तर पर मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की 11 सूत्रीय जायज मांगों को लेकर लंबे समय से शासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है, किंतु अब तक किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं होने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसी के चलते मजबूरन कर्मचारियों को तीन दिवसीय सुनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

नगर पालिका कर्मचारियों ने अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल को अवगत कराया कि हड़ताल अवधि के दौरान नगर पालिका के समस्त अधिकारी-कर्मचारी आंदोलन में सहभागी रहेंगे तथा हड़ताल कार्यक्रम के अनुसार गतिविधियों में भाग लेंगे। कर्मचारियों ने हड़ताल अवधि में मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान करने की मांग भी रखी। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कर्मचारियों से ज्ञापन प्राप्त कर उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा कर्मचारियों की मांगों को सक्षम स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका के इंजिनियर तारकेश्वर नायक, शयन शुक्ला, नंदलाल, योगेश्वर, द्विवेदी, तुलसी, रियाजउद्दीन, महेंद्र, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नरेगा : युवाओं को दिया जा रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों को कौशल विकास से जोड़कर उन्हे स्थायी आजिविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर एवं वाड्रफनगर में राजमिस्त्री के प्रशिक्षण लेने के इच्छुक 35 ग्रामीण युवाओं को 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करने की शुरूवात की गई है। यह प्रशिक्षण सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर के द्वारा संचालित किया जा रहा है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत् विगत वर्षों में 60 मानव दिवस कार्य पूर्ण करने वाले 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण श्रमिकों का चयन कर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन

तखतपुर/नवप्रदेश। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग, तखतपुर के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सिलतरा में आयोजित ध्यान सत्र में लगभग 60 लोगों ने सहभागिता कर ध्यान का अभ्यास किया और मानसिक शांति का अनुभव किया। इसी क्रम में मणिकांचन स्टाफ, तखतपुर को भी ध्यान कराया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण बनाना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। इसके अतिरिक्त आर.के. पब्लिक स्कूल में

आयोजित ध्यान कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान के महत्व, इसके लाभ तथा दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। आर्ट ऑफ लिविंग तखतपुर के सदस्यों ने बताया कि ध्यान से मानसिक शांति, एकाग्रता एवं स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश साहू, मनीष सोनी, उपेंद्र खुराना, ध्रुव तम्बोली, सिलतरा सरपंच ने सहभागिता दी।

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मिल रही है सुविधा

कृषक रामाधीन सिंह ने की खरीदी व्यवस्था की सराहना

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित धान उपार्जन केन्द्रों में सरल, सुगम और पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत मिली है। टोकन प्रणाली, समयबद्ध प्रक्रिया और मूलभूत सुविधाओं के कारण अब धान विक्रय करना आसान हो गया है।

अम्बिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत किशुनपुर के निवासी किसान श्री रामधीन सिंह ने बताया कि इस बार फसल काफी अच्छी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके पिता श्री शिवचरण सिंह के नाम से धान का कुल रकबा लगभग 86.40 क्विंटल का है। टोकन काटने की प्रक्रिया बेहद आसान हो गई है। किसान रामाधीन सिंह ने बताया कि टोकन के अनुसार जब वे नमनाकला धान उपार्जन केन्द्र पहुंचे, तो वहां पहुंचते ही गेट पास जारी किया गया, नमी परीक्षण किया गया और तत्काल बारदाना उपलब्ध करा दिया गया। पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण हुई और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने उपार्जन केन्द्र की

व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए उचित व्यवस्था और मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं,किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल का सर्वाधिक समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों एवं सब्जी उत्पादन में कर रहे हैं, जिससे उनकी आय में और वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था से किसानों में खुशी का माहौल है। सरकार की किसान-हितैषी नीतियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

समीक्षा बैठक

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर टीएस सिंहदेव ने की समीक्षा बैठक

कांग्रेस पदाधिकारी एक–एक बूथ की जिम्मेदारी लें : टीएस सिंहदेव

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने समीक्षा बैठक की। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद यह उनकी चौथी समीक्षा बैठक रही।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर गठित लोकसभा, विधानसभा और ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी व सहप्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण व संग्रहण की पूर्व निर्धारित तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे दो बार सात-सात दिनों के लिए बढ़ाया गया। इसके बाद 18 दिसंबर को इसकी अंतिम तिथि निर्धारित की। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा 23 दिसंबर को मतदाता सूचियों के मसौदे के प्रकाशन के बाद पार्टी के मंडल अध्यक्षों और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रकाशित मतदाता सूचियों में जिन वैध मतदाताओं के नाम शामिल नहीं होंगे, उनके लिए दावा प्रस्तुत करना जरूरी होगा। साथ ही मतदाता सूची में यदि किसी प्रकार के

गलत नाम जुड़े पाए जाते हैं तो उन पर आपत्ति दर्ज करानी भी जरूरी है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के हाथों में होती है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को तत्काल एक-एक बूथ की जिम्मेदारी लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने बूथ का नंबर जिला कांग्रेस कमेटी को उपलब्ध कराएं और संबंधित बूथ पर विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को पूरा सहयोग प्रदान करें।

हलीम खान की नियुक्ति से जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में जिले के सक्रिय कार्यकर्ता हलीम खान को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है।

उनकी नियुक्ति से जिले सहित पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। हलीम खान लंबे समय से पार्टी संगठन और अल्पसंख्यक समाज के बीच समन्वय स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व के इस निर्णय को संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

सीएसआर केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है: तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने एनटीपीसी सीपत के लगभग 6.25 करोड़ के सीएसआर कार्यों का किया उद्घाटन व भूमिपूजन

बिलासपुर/सीपत/नवप्रदेश। *एनटीपीसी सीपत द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत परियोजना प्रभावित गांवों में लगभग 6.25 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों का उद्घाटन एवं भूमिपूजन कार्यक्रम ग्राम पंचायत कर्रा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 4.53 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया, जबकि लगभग 1.72 करोड़ रुपये की लागत से किए जाने वाले प्रस्तावित विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।*

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं भूमिपूजन मुख्य अतिथि तोखन साहू, राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांसद, बिलासपुर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप

लहरिया, विधायक, मस्तूरी, राजेश सूर्यवंशी, अध्यक्ष, जिला पंचायत, बिलासपुर, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व विधायक, मस्तूरी तथा विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सीपत की गरिमामयी उपस्थिति रही। एनटीपीसी सीपत के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्राम पंचायतों-कर्रा, सीपत, गतौरा, रलिया, जांजी, देवरी, कौड़िया, रांक एवं दर्राभाटा-में कुल 12 विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनका इस अवसर पर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही चार नए विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। इन कार्यों में आधारभूत संरचना विकास, तालाबों का पुनरुद्धारीकरण तथा शैक्षणिक विकास से संबंधित कार्य शामिल हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में एनटीपीसी सीपत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की तथा सीएसआर के माध्यम से क्षेत्रीय विकास में योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित एनटीपीसी सीपत विभिन्न राज्यों को बिजली आपूर्ति कर रही है तथा निर्माणाधीन 800 मेगावाट की परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात देश के विकास में इसकी भूमिका और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास, प्रभावित गांवों की उन्नति तथा शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण से नवाचार और विकास की अवधारणा को बल मिलता है। विशिष्ट अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने अपने संबोधन में परियोजना प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु एनटीपीसी सीपत की भूमिका की सराहना की। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आमंत्रित करने के लिए एनटीपीसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास ही देश का विकास है, और एनटीपीसी सीपत इस दिशा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही है।

ग्रामीण विकास साबित हो रहा मील का पत्थर : राजेश

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि सीएसआर के माध्यम से कराए जा रहे कार्य ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इससे न केवल सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा। इस अवसर पर डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व विधायक, मस्तूरी एवं सरस्वती देवी जी, जनपद अध्यक्ष ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के लिए एनटीपीसी सीपत को धन्यवाद सौंपा तथा कौशल विकास एवं सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक विजय कृष्ण पाण्डेय ने एनटीपीसी सीपत द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े विकास कार्यों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं मीडिया जन के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्टूडेंट मोबिलिटी प्रोग्राम को बढ़ावा देना एमओयू का उद्देश्य

एनआईटी रायपुर और सीवीआरयू के बीच जॉइंट रिसर्च व स्टूडेंट एक्सचेंज के लिए हुआ एमओयू

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (नीट) रायपुर और डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी, बिलासपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट्स, फैकल्टी एक्सचेंज और स्टूडेंट मोबिलिटी प्रोग्राम को बढ़ावा देना है।*

इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी रायपुर के निदेशक प्रो. डॉ. एन.वी. रमना राव एवं डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों ने इस सहयोग को अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में एक अहम कदम बताया। एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर

सस्टेनेबल एनर्जी, जल संसाधन प्रबंधन और एडवांस्ड मटीरियल जैसे समकालीन एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषयों पर संयुक्त अनुसंधान करेंगे। इसके साथ ही, शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के लिए साझा प्रयोगशालाओं का उपयोग तथा को-ऑथर शोध प्रकाशनों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। एक सेमेस्टर अवधि के स्टूडेंट एक्सचेंज

साझेदारी से इकोसिस्टम होगा सशक्त

एमओयू साइनिंग सेरेमनी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रायपुर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी सदस्य और शोधकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने इस साझेदारी को छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय इनोवेशन इकोसिस्टम को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। दोनों संस्थानों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अकादमिक सहयोग भविष्य में ऐसे कुशल और नवोन्मेषी स्नातकों के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम: कौशिक

पल्स पोलियो अभियान: पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बच्चों को पिलाया पोलियो ड्रॉप

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा बिल्हा अंतर्गत राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ हुआ। इसके अंतर्गत पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पल्स पोलियो अभियान 2025 की शुरुवात करते हुए 5 वर्षों से कम उम्र के बच्चों को पोलियों ड्रॉप्स पिलाई। इस मौके पर उन्होंने अभिभावकों से यह भी अपील की कि कोई भी बच्चा

पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है जब कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। इस अभियान के तहत अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी, जिससे हर बच्चा पोलियो से सुरक्षित होकर ताउम्र स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ और सशक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

50 हजार बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो खुराक

रतनपुर/नवप्रदेश। आज 21 दिसंबर को पूरे भारत के साथ रतनपुर क्षेत्र में भी पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया गया है। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। रतनपुर शहरी क्षेत्र में 33,892 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 16,498 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार रतनपुर क्षेत्र में कुल 40 बूथों पर लगभग 50,390 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। आज सुबह वार्ड क्रमांक 4 सोनारपारा 5 रानीपारा में सुबह 8 बजे से बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य शुरू किया गया।

पल्स पोलियो अभियान के तहत आज बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला महापौर पूजा विधानी ने राजकिशोर नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीएमएचओ डॉक्टर शुभा गढ़ेवाल ने जिला अस्पताल में नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान शुभारंभ किया।

मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

■ केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में रविवार को बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से नेहरू चौक तक जुलूस निकाला गया, जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यह हफ्ते भर में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का चौथा विरोध प्रदर्शन था। इस धरना आंदोलन में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, कांग्रेस नेता विजय केशरवानी, विजय पांडेय, समीर बबला, जावेद मेमन, संतोष दुबे, गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू और शिल्पी तिवारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार जनहितैषी योजनाओं को बंद करने की साजिश रच रही है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई योजनाओं को निशाना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि

कांग्रेस शासन में शुरू हुई थी मनरेगा

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिधांशु मिश्रा और जिलाध्यक्ष महेंदर गंगोत्री ने बताया कि गरीब जनता को 100 दिन का रोजगार देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत 2006 में कांग्रेस शासनकाल में की गई थी। इसका लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और ग्रामीण जनता को नकद राशि प्रदान करना था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने न केवल योजना से महात्मा गांधी का नाम हटा दिया, बल्कि पूरी योजना को ही समाप्त कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी दावा किया कि मनरेगा के लिए केंद्र सरकार की ओर से दिया जाने वाला 90 प्रतिशत अनुदान घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। उनके अनुसार, नई योजना में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिससे मूल योजना का उद्देश्य ही समाप्त हो गया है।

हनुमान चालीसा की प्रस्तुति 23 से

राघवेंद्र राव सभा भवन में होगा आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कार भारती जिला इकाई साइन माउली परिवार एवं हनुमान महापाठ समिति के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 27 दिसबर दोपहर 12 से रात्रि 9 बजे तक हनुमान चालीसा अर्थ एवं प्रेरणा पर केंद्रित 45 चित्रों की भव्य प्रदर्शनी स्थित है। राघवेंद्र राव सभा भवन में आयोजित है इस चित्रकला प्रदर्शनी में 45 चित्रों की सुखला है जिसके सूत्रधार व निर्माता नगर के वरिष्ठ चित्रकार दिलीप दिवाकर पात्रीकर एवं साधना गर्दे भोपाल है। इन दोनों ने आयोजित प्रेस कांग्रेस में

आयोजन के संबंध में पूरी जानकारी दी उसके मुताबिक इस चित्रकला प्रदर्शनी का उद्देश्य चित्रों के मांध्यम से प्रेरक संदेश जनमानस विशेषकर युवाओं तक पहुंचाना है। गौरतलब है कि कला एवं साहित्य के लिए समर्पित अखिल भारतीय सस्था सरकारे भारती की बिलासपुर में ये पांचवीं बड़ी चित्रकला प्रदर्शनी है इसके पूर्व 2004 में मीरा बाई पर केंद्रित प्रदर्शनी जल रंग बिलासपुर के अलावा कई बड़े शहरी सरकार जित की गई। 2007 में समर 1857 पर जल चित्रों की एवं 2013 में स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

मेडिटेशन से मन, बुद्धि और जीवन में आता है संतुलन: बीके स्वाति

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज के तनावग्रस्त, अशांत और तेज़ गति से भागते हुए समय में जब मनुष्य बाहरी साधनों से सुख और शांति खोजने का प्रयास कर रहा है, तब

वास्तविक आवश्यकता है आंतरिक शांति की शक्ति को पहचानने और उसे जीवन में धारण करने की। इसी उद्देश्य के साथ 'विश्व मेडिटेशन डे' के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता शांति है, लेकिन यह शांति बाहर से नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर से उत्पन्न होती है। शांति आत्मा का मूल स्वरूप है, परंतु व्यर्थ संकल्पों, नकारात्मक भावनाओं और अशुद्ध चिंतन के कारण यह शक्ति दब जाती है।

सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम में दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

■ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने जनता से किया संवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार के गठन के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन सीएमडी कॉलेज मैदान में किया गया। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यक्रम में लोगों से

सार्थक संवाद किया और योजनाओं के विषय में प्रश्न किए, उन्होंने जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेले के साथ आयोजित कार्यक्रम में सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी और खेल प्रतियोगिताओं का लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया और इनाम जीते। आर जे अनिमेष ने रोचक और मनोरंजक तरीके से लोगों से योजनाओं से संबंधित प्रश्न किए और विभिन्न गेम्स के जरिए योजनाओं से संबंधित सवाल किए। कार्यक्रम में लोक कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं की शानदार प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में पहुंची सीमा चतुर्वेदी ने कहा कि यहां उन्हें छत्तीसगढ के विभिन्न व्यंजनों के स्वाद के साथ शासन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मनोरंजक तरीके से मिली।उन्होंने कहा कि लोक सांस्कृतिक व स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेल गतिविधियों, सामान्य ज्ञान, प्रश्नोत्तरी में विजेता प्रतिभागियों को जनसंपर्क विभाग की संयुक्त संचालक इस्मत जहां दानी और बिलासपुर जनसंपर्क कार्यालय की सहायक जनसंपर्क अधिकारी रचना मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

आयोजन

मोदी-साय की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेश

जनपद सदस्य रेवाशंकर सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

सीपत/नवप्रदेश। *ग्राम गतौरा में रविवार को आयोजित विधानसभा स्तरीय एसआईआर कार्यशाला राजनीतिक दृष्टि से ऐतिहासिक साबित हुई, जब जनपद सदस्य एवं कबड्डी संघ के मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष रेवाशंकर साहू ने कांग्रेस को अलविदा कहकर सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर क्षेत्र में भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।*

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला महामंत्री एस. कुमार मनहर एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। एसआईआर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू सहित उनके समर्थकों को भाजपा गमछा व माला पहनाकर पार्टी में विधिवत प्रवेश कराया। भाजपा में शामिल होने वालों में जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू के साथ प्रदीप कुमार राठौर, सुभाष साहू, श्याम कुमार, मुकेश साहू, शुभम राठौर, नंदकिशोर राठौर, खिलेश राठौर, नीलेश राठौर, साहिल वस्त्रकार, दीपक पटेल, दुर्गेश साहू, राजू साहू, भजोलाल, श्यामलाल यादव, कृष्ण कुमार कुम्हार, मंगल, संदीप, शिवनारायण साहू, गजेंद्र पटेल, मोनू साहू, धनेश्वर प्रसाद राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसे क्षेत्र में भाजपा के लिए एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी और विश्वसनीय पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू एवं उनके साथियों का

भाजपा में आना संगठन को और मजबूत करेगा। इनके अनुभव और जनाधार से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। रेवाशंकर साहू के भाजपा प्रवेश के बाद जिला कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम मिश्रा, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री यदूराम साहू, गतौरा सरपंच मीना वस्त्रकार, जनपद सदस्य अंजनी पटेल, उषा केवट, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, महामंत्री आशीष बांकरे, श्यामलाल पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष भास्कर पटेल, कमलेश साहू, नरेंद्र वस्त्रकार, राजेंद्र मिश्रा, दारा राठौर, प्रदीप राठौर, श्याम खांडेकर, राजेंद्र बंसल, प्रशांत यादव, यशवंत गोस्वामी, प्रशांत राठौर, रवि श्रीवास, बसंत पूरी गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यशाला एवं इस राजनीतिक घटनाक्रम से यह स्पष्ट हो गया कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की पकड़ और अधिक मजबूत हुई है, तथा आने वाले समय में इसका असर राजनीतिक समीकरणों पर साफ तौर पर देखने को मिलेगा।

भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लिया निर्णय: साहू

भाजपा में प्रवेश के बाद जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहितकारी योजनाओं, गरीब-किसान-युवा हितैषी नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर मैंने भाजपा का दामन थामा है। मेरा उद्देश्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना है। भाजपा ही वह पार्टी है जो अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य करती है।

बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़: घटिया निर्माण, जिम्मेदार मौन, जांच की उठी मांग

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एडवेंचर: 49 लाख के खेल उपकरण 2 साल में हो गए कबाड़

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलें में एडवेंचर खेलों के लिए 2022-23 में जिला खनिज न्यास से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लगभग 49 लाख रू. खर्च कर एडवेंचर मैदान बनाया गया था, जो 2025 के आते तक कबाड में तब्दील हो गया है।जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा कराया गया गुणवत्ता विहीन अब कबाड बन कर रह गया है। जिले के शिक्षा विभाग और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में छात्रों को साहसिक खेलों से जोड़ने के लिए बनाया गया एडवेंचर मैदान आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के करीब 49 लाख रुपयों की लागत से बना यह मैदान रखरखाव और गुणवत्ता के अभाव में अब कबाड़ के ढेर में तब्दील हो चुका है।

लाखों का निवेश, शून्य परिणाम-वर्ष 2022-23 में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए भारी-भरकम बजट के साथ इस एडवेंचर पार्क का निर्माण कराया गया था।योजना का उद्देश्य छात्रों को रॉक क्लाइंबिंग, रोप वे और अन्य साहसिक खेलों की सुविधा उपलब्ध कराना था। लेकिन विडंबना देखिए कि 2025 की शुरुआत तक, यानी महज दो सालों के भीतर ही करोड़ों के सपने और लाखों की मशीनें जंग खाकर टूटने लगी हैं।

गुणवत्ता पर गंभीर सवाल- इस परियोजना का क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) द्वारा कराया गया था। वर्तमान स्थिति को देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

घटिया सामग्री: स्थानीय लोगों और जानकारों का आरोप है कि निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री बेहद निम्न स्तर की थी, जो एक-

दो सीजन की बारिश भी नहीं झेल पाई।

देखरेख का अभाव: सरकारी धन का दुरुपयोग यहीं नहीं थमाय निर्माण के बाद इसकी सुरक्षा और मेंटेनेंस के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

जिम्मेदारों की चुप्पी: 49 लाख रुपये की सार्वजनिक राशि बर्बाद होने के बावजूद विभाग के अधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं।

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़- स्वामी आत्मानंद स्कूल को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना माना जाता है। ऐसे में उसी परिसर के भीतर सरकारी पैसे की ऐसी बर्बादी प्रशासन की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करती है। जो मैदान बच्चों की हंसी और उत्साह से गूंजना चाहिए था, वहां आज सिर्फलोहे के टूटे हुए ढांचे और झाड़ियां नजर आती हैं। सीधे तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग है। जिला मिशन समन्वयक द्वारा कराए गए इस कार्य की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि पता चल सके कि 49 लाख रुपये आखिर कहां और कैसे खपाए गए।

सबसे अहम सवाल यह है की...

आज के परिवेश में निर्माण की गुणवत्ता की जांच क्यों नहीं कराई जा रही है? लोग सवाल पूछ रहे है, 49 लाख जैसी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या विभाग के तकनीकी इंजीनियरों ने काम की गुणवत्ता का सत्यापन क्यों नहीं कराया गया, और यदि कराया गया है, तो 2 साल में ही लोहा कबाड़ कैसे हो गया?

निर्माण के बाद गारंटी पीरियड का क्या हुआ?-किसी भी सरकारी निर्माण में वेंडर या ठेकेदार की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड होती है। क्या विभाग ने संबंधित ठेकेदार पर रिकवरी या मरम्मत के लिए कोई कार्रवाई की?

सुरक्षा से खिलवाड़ क्यों? स्कूल परिसर में टूटे हुए लोहे के झूले और एडवेंचर सेटअप बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। किसी हादसे का इंतजार क्यों किया जा रहा है?

रखरखाव का बजट कहाँ गया? डीएमएफ मद से बनने वाली संपत्तियों के रखरखाव की जिम्मेदारी किसकी थी? क्या इसके लिए अलग से कोई राशि जारी हुई थी?

जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब? जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) की निगरानी में हुए इस गुणवत्ता विहीन कार्य के लिए अब तक किसी की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं की गई?

जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी चाहीं गई तो वे उपलब्ध नहीं रहे, और फोन भी नहीं उठाया।

शिक्षा विभाग के ओएसडी जिला पंचायत सीइओ प्रभाकर पाण्डेय से जानकारी चाही गई तो उन्होने कहा की इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है, शिक्षा विभाग से जानकारी ली जावेगी।

न्यूज गैलरी

भटगांव पंथी पार्टी ने लोकनृत्य व पंथी नृत्य में प्रथम स्थान पाया

मुंगेली/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया गया। जिसमें 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु निर्धारित है। संगत कलाकार 29 से 40 वर्ष आयु निर्धारित किया गया है। लोक नृत्य, लोकगीत, पंथी नृत्य, एकांकी चित्रलेखन कहानी, लेखन, कविता लेखन प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें लोक नृत्य प्रतियोगिता में भटगांव पंथी पार्टी बिरझु मोहले एवं साथी एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता में भटगांव पंथी पार्टी खेलन ओगरे एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लगातार 10 वर्षों से भटगांव पंथी पार्टी मुंगेली जिला में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर को बिलासपुर में मुंगेली जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले भी 2020 में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भटगांव पंथी पार्टी पुरस्कार प्राप्त कर मुंगेली जिले को गौरवान्वित कर चुके है। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी श्रीमती विमित्रा घृतलहरे, सहायक नोडल लक्ष्मी कांत जड़ेजा, शैलेन्द्र कुर्रे, भूपेंद्र बांधी, विजय मार्खंडे, मंच संचालन दीप्ति दुबे, सरिता पांडेय, प्रमिला कश्यप, खगेश्वरी मानिकपुरी, प्रभा रानी दिवाकर, सुनीता बाजुरीया, जितेंद्र दिवाकर, अमित मोहले, राजू कुर्रे, गिरधर मानिकपुरी, रामावतार साहू, भुवन डिंडोरे, विजय जयश्री, फूलचंद यादव, राजेंद्र जोशी, मनोज अंचल, संतोष बघेल, इंद्राज सिंह पाटले, कमलेश पटेल, वीर सिंह सोनवानी निर्णायक मंडल में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल को सफल बनाने में समय प्रदान किया।

पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता जरूरी, कलेक्टर की नागरिकों से अपील

पल्स पोलियो महाअभियान, कलेक्टर ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान 21 दिसम्बर को पोलियो बूथ में तथा 22 व 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने माता-पिता एवं अभिभावकों से अपील की कि चाहे बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हो या

सामान्य बीमारी से ग्रस्त हो, वे अपने सभी 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अनिवार्य रूप से पिलवाएं। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य ही जिले और समाज के स्वस्थ भविष्य की नींव है। पोलियो जैसी बीमारी से पूर्ण मुक्ति तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस महाअभियान में सहभागिता निभाए। उन्होंने आम नागरिकों से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने और किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने देने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत जिले के 0 से 05 वर्ष के 01 लाख 19 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे ने बताया कि अभियान के तहत 814 बूथ में 01 हजार 728 कर्मचारियों द्वारा पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि 21 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित पल्स पोलियो महाअभियान को सफल बनाने में सहयोग करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिला पूर्णतः पोलियो मुक्त बनाया जा सके।

रोट्रैक्ट क्लब व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से चला पोलियो उन्मूलन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत पोलियो दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर परिसर में शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, एवं रोट्रैक्ट क्लब के द्वारा गोल बाजार चौक में रोट्रैक्ट पोलियो बूथ का शुभारंभ जिला कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया।

इसी तरह से शंकर वार्ड में, वार्ड पार्षद मोहन मल्लाह, अरविंद वैष्णव, अमितेश आर्य एवं राजेश नामदेव द्वारा किया गया। रोट्रैक्ट क्लब के द्वारा रोट्रैक्ट पोलियो बूथ का शुभारंभ जिला कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया तथा अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति नामदेव एवं मितानिन बरखा वलेचा की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने घर-घर जाकर अभिभावकों को पोलियो ड्रॉप के महत्व के प्रति जागरूक किया और सभी पात्र बच्चों को ड्रॉप पिलाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगर को पोलियो मुक्त बनाना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं।

लखनपुर में 44.17 लाख सहित तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि नगर अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू ने नपं लखनपुर के वार्ड 8 स्थित पुराना जनपद पंचायत कार्यालय व हमर क्लिनिक परिसर में 44.17 लाख लागत से बनने वाले दुकान निर्माण कार्य, वार्ड 9 बस स्टैंड के पास पूर्व में बने 27 नग दुकान के उपर दुकान गोदाम निर्माण कार्य लागत - 27.62 लाख एवं वार्ड 9 में बस स्टैंड के पास बने 10 नग दुकान के ऊपर दुकान निर्माण कार्य - 18.26 लाख का भूमि पूजन किया गया। इसी दौरान सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान के तहत लखनपुर प्रतीक्षा बस स्टैंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए पोलियो बूथ में पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज़ किया।

कुली संघ ने शेड निर्माण की मांग रखी

इस मौके पर लखनपुर कुली संघ के पदाधिकारी व सदस्यगणो ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के समक्ष कुलियों की बैठने के लिए शेड निर्माण कार्य कराये जाने की मांग रखी।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी को शेड निर्माण हेतु उपयुक्त जमीन आवंटित करा जल्द शेड निर्माण कराने कहा वही कुली संघ को आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में केबीनेट मंत्री राजेश अग्रवाल सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहु , राजेन्द्र जायसवाल दिनेश साहू, देवराज सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी , पार्षद समीम खान ,रमेश जायसवाल , अमित बारी , बघोलन राम , ईश्वर राजवाडे, बृजेन्द्र पांडेय सुरेन्द्र साहू सुभाष अग्रवाल , सचिन बसंल ,महेश्वर राजवाड़े , मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी , उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का , प्लबंर रमेश ठाकुर रामहरि शर्मा, देवविष्णु साहू , विनेश राम खलखो , नपं कर्मी सफाई कामगार नगर वासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

3 और आरोपी गिरफ्तार पकड़े जाने के डर से जला दिए थे बाघ के दांत-मूंछ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में राष्ट्रीय पशु बाघ की करंट लगने से मौत हुई। मामले में वन विभाग ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसके साथ ही अब तक कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि जब उन्हें सरपंच की गिरफ्तारी की खबर मिली, तो वे डर गए। पकड़े जाने के डर से उन्होंने साक्ष्य मिटाने के लिए मृत बाघ के निकाले गए दांत और मूंछ के बाल जला दिए। हालांकि, वन विभाग की जांच टीम ने मूंछ के कुछ बाल बरामद किया। कार्रवाई में वन विभाग ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

लीनेस क्लब की अध्यक्ष शहनाज बानो तो निकहत बनीं सचिव

सक्ती/नवप्रदेश। ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीजी-1 संपदा 2026 के अंतर्गत लीनेस क्लब सक्ती की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें लीनेस शहनाज बानो को अध्यक्ष, लीनेस निकहत करीम खान को सचिव और लीनेस प्रिया दुबे को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर कहा कि क्लब की गरिमा और मूल्यों को बनाए रखते हुए सभी सदस्यों के सहयोग और आशीर्वाद से समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से

किया जाएगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा व जनकल्याणकारी गतिविधियों में क्लब की सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके नेतृत्व में क्लब की गतिविधियों को नई दिशा मिलने की आशा व्यक्त की। इस दौरान लीनेस रामकुंवर साहू, मंजु जायसवाल, शालू पाहवा, अनीता सिंह, विजया जायसवाल, ललिता साहू, अनीता राठौर, पूनम साहू, कलेश्वरी साहू, विनीता जायसवाल, अल्का कंवर, अमृता सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के सांस्कृतिक व भाषणों से उत्साहित हुए अभिभावक और अतिथिगण

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लाक लखनपुर के ग्राम जूनाडीह स्थिति जीआर ए इंटरनेशनल स्कूल में 21 दिसम्बर रविवार को केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजित हुई । इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्ष कौशल अग्रवाल , निदेशक राम प्रताप अग्रवाल , विद्यालय की प्रधानाचार्या मीतू अग्रवाल, विद्यालय के सचिव अजीत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य एवं पंजाबी नृत्य शामिल रहे। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने

प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए , जिनमें उन्होंने शिक्षा का महत्व, अनुशासन तथा अपने उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के दौरान कुछ अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शिक्षकों की मेहनत एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की खुले दिल से सराहना की और विद्यालय को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बताया। अभिभावकों के सकारात्मक विचारों से विद्यालय परिवार का उत्साह और अधिक बढ़ा। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या मीतू अग्रवाल ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं विद्यालय सचिव श्री अजीत अग्रवाल ने विद्यालय की आंतरिक एवं बाह्य व्यवस्थाओं, शैक्षणिक सुविधाओं एवं आधुनिक संसाधनों की तफ़सील से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के पढ़ाई, अनुशासनप्रियता एवं चरित्र निर्माण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम बेहतर ढंग से सफल रहा और उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय की सराहना किये।

आयोजन

'जेंडर कैंपेन नई चेतना 4.0' के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम

स्व सहायता समूह की महिलाओं ने दिलाया लिंग समानता का संकल्प

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित जेंडर समानता हेतु राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अम्बिकापुर विकासखंड स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अम्बिकापुर जनपद पंचायत सीईओ राजेश सेंगर ने बताया कि जेंडर कैम्पेन नई चेतना 4.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के मेंड्राकला वनदेवी क्लस्टर की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली, वाद-विवाद, भाषण, संवाद, नुक्कड़ नाटक एवं कैंडल मार्च जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से समाज में लिंग समानता का प्रभावी संदेश दिया गया तथा बेटा-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करने और समान अधिकार की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।

स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप संचालित 'जेंडर कैम्पेन नई चेतना' समाज में व्याप्त लिंग भेद की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक सशक्त एवं प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि

आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज एवं गांव स्तर पर बेटा-बेटी में भेदभाव न करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई, जिसमें बेटा या बेटी के जन्म पर समान खुशी मनाने, दोनों का समान पालन-पोषण करने, बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, उनकी शादी निर्धारित आयु के बाद करने, उन्हें समान स्वतंत्रता प्रदान करने, महिला अपहरण एवं घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने, छुआछूत समाप्त करने, गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव अस्पताल में कराने तथा लैंगिक हिंसा के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) देवेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) असगर अंसारी, प्रदान संस्था से चांदनी सरकार, पीआरपी जशवंती एक्का, एफएलसीआरपी तरसीला कुजुर एवं बीना यादव, मास्टर ट्रेनर ज्योति गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

मांगों को लेकर गोंगपा ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर गोंडवाना गणराज्य पार्टी किसान मोर्चा ने प्रतापपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से जिला कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रतापपुर, ओड़गी, भैयाथान, प्रेमनगर, रामानुजनगर और सूरजपुर की आदिम जाति सहकारी समितियों से जुड़े किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। पार्टी ने कहा कि लंबे समय से किसानों के भूमिस्वामी पट्टों में रकबा काट दिया गया है, जिसे अभी तक सुधारा नहीं गया। पट्टों में सुधार के नाम पर पटवारियों द्वारा अवैध वसूली के आरोप भी लगाए गए हैं। वन अधिकार पट्टों में कटे हुए रकबे को पुनः जोड़ने की मांग की गई है। धान खरीदी में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कुछ मंडियों में निर्धारित 40.700 ग्राम के स्थान पर 41.200 ग्राम धान लेने की बात उठाई गई। चेतावनी दी कि 5 दिन में कार्रवाई न होने पर एसडीएम कार्यालय प्रतापपुर का घेराव कर आंदोलन करेंगे।

कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, शीतलहर की चेतावनी

बिलासपुर, सरगुजा, पेण्ड्रा व मुंगेली जिलों में ठंड और कोहरा बढ़ी, अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। *आज बिलासपुर और उत्तर-मध्य छत्तीसगढ़ में मौसम ठंडा और कोहरे के साथ बना हुआ है। मौसम विभाग के ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार इस क्षेत्र में तापमान में लगातार गिरावट का असर जारी है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में शीतलहर की चेतावनी भी जारी की गई है। आज शहर में मौसम ठंडा और साफ-सुथरा रहेगा। न्यूनतम तापमान लगभग 12-13डिग्री से. और अधिकतम लगभग 20-23डिग्री से. के बीच रहने की संभावना है, जिससे दिन में हल्की ठंडक के साथ मौसम सामान्य रहेगा। हवा की गति हल्की-मध्यम और धूप साफ रहने से तापमान थोड़ा सुहावना महसूस हो सकता है।*

हालांकि मौसम स्पष्ट है वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर है। वायु प्रदूषण में पीएम2.5 का स्तर बहुत ऊँचा है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर चेतावनी का संकेत देता है। लोगों को मास्क पहनने और बाहरी गतिविधियाँ कम करने की सलाह दी जा रही है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी से प्रभावित लोगों के लिए। कोहरे और सर्द हवाओं के कारण सुबह-शाम ट्रैफिक में दृश्यता कम होती है। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह-शाम सड़क पर ड्राइव करते समय सावधान रहने और जल्दी निकलने की सलाह दी है। समग्र रूप से छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों, विशेषकर बिलासपुर, सरगुजा, पेण्ड्रा व मुंगेली जिलों ठंड और कोहरा बढ़ा है, और अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह ठंड का मौसम अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। आंशिक बादल और धूप के साथ मौसम ठंडा रहेगा। अधिकतम लगभग 27डिग्री से., न्यूनतम 10डिग्री से. के करीब रहेगा।

पेण्ड्रा में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

पेण्ड्रा और अमरकंटक क्षेत्र में रविवार को इस सीजन का सबसे कड़ा मिजाज देखने को मिला। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी, तो वहीं दूसरी ओर प्रकृति के इस रोमांचक रूप का लोगों ने जमकर लुत्फ भी उठाया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस वर्ष का सबसे कम तापमान है। वहीं, अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, यह सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह से ही कोहरा इतना घना था कि दृश्यता 10 मीटर से भी कम रह गई। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और चालकों को हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। घने कोहरे और सुरक्षा को देखते हुए कई स्कूलों ने अपने समय में बदलाव किया। स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को सुबह 10 बजे के बाद बच्चों को भेजने का संदेश भेजा ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। मौसम विभाग केंद्र पेण्ड्रारोड के अनुसार न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ, लेकिन पेण्ड्रा के मैदानी हिस्सों में पारा 4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। कड़ाके की ठंड का आलम यह था कि सुबह घास के मैदानों और पेड़ों की पत्तियों पर ओस की बूंदें बर्फ की सफेद चादर की तरह जमी हुई दिखाई दीं। जहां शीतलहर ने कंपकंपी छुड़ा दी, वहीं कोहरे के शौकीनों ने इसे उत्सव में बदल दिया।

■ न्यूज गैलरी

55 बच्चों को 'क्रिसमस ट्री' वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। चर्च ऑफ खाईष्ट सी एम डी चौक स्थित चर्च में निर्वाचित प्राचीन पक्ष / समिति के 55 बच्चों को, जो 10 वर्ष से छोटे हैं, उन्हें सुंदर आकर्षक क्रिसमस गिफ्ट , क्रिसमस ट्री के रूप में उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। क्रिसमस के पावन पवित्र महीने में नगर के सभी चर्चो में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । रविवार आराधना का संचालन बोल्डी कुमार, बाइबल पठन रेणुका अब्राहम द्वारा प्रार्थना मंजू निशा तृप्ति बाग, ज्योति वालेस द्वारा की गई। जवान सभा, महिला सभा और मेंस फेलोशिप द्वारा क्रिसमस पर आधारित, यीशु के जन्म का गीत' शोर दुनिया में ये हो गया, आज पैदा मसीह हो गया'।' देखो पूरब में चमका एक तारा,जन्मा है यीशु हमारा आदि गीतों की प्रस्तुती दी गई। आराधना संदेश प्रीति वालेस ने दिया। सभी बच्चे क्रिसमस ट्री उपहार पाकर आनंदित और मगन हूं , उनके चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनता था।

आज रतनपुर में व्यस्ततम मार्ग शनिचरी चौक पर हुई घटना

नशे में धुत्त स्कार्पियो चालक ने कार को मारी टक्कर, बाइक सवार महिला गंभीर

बिलासपुर/रतनपुर/नवप्रदेश। *नगर के व्यस्ततम मार्ग शनिचरी चौक के पास रविवार को हुए एक सड़क हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार बिलासपुर की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार को पीछे से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट कार अनियंत्रित हो गई और कोटा रोड की ओर जा रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार महिला घायल हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार महिला को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा यहीं नहीं थमा टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक भी वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सड़क किनारे स्थित एक किराना दुकान में जा घुसा। इस घटना से दुकान को भी नुकसान पहुंचा है।*

दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। स्थानीय नागरिकों की तत्परता से घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। इस संबंध में रतनपुर थाना प्रभारी नीलेश पांडे ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक शराब के नशे में वाहन चला

रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दुर्घटना के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

तालाब में संदिग्ध अवस्था में मिली महिला की लाश

सकरी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्राम अमेरी स्थित तालाब में एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में तैरती हुई मिली। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और तत्काल इसकी जानकारी सकरी थाना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। मृतका की पहचान ग्राम अमेरी के सतनाम नगर निवासी चंद्रकली कुर्रे पति सुभाष कुर्रे उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला का शव तालाब में औंधे मुंह पानी में डूबा हुआ मिला।

हाईकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास का इस्तीफा

■ **विधि सचिव को भेजा त्यागपत्र**

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को शासन से असंतोष के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने विधि सचिव को भेजे अपने त्यागपत्र में सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधि सचिव को भेजे गए त्यागपत्र में मरहास ने उल्लेख किया है कि पिछले दो वर्षों से अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर सेवा देना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। इस अवधि में उन्हें राज्य के कानूनी मामलों में योगदान देने, विभिन्न अदालतों में सरकार का प्रतिनिधित्व करने और सहकर्मियों के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने सरकार द्वारा उन पर दिखाए गए विश्वास और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को पूरी क्षमता से निभाने में सक्षम बनाया। मरहास ने कहा कि उनका मानना है कि उन्होंने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, इसलिए यह पद छोड़ने का सही समय है। रणवीर सिंह मरहास भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न आनुषांगिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कई सामाजिक गतिविधियों में भी योगदान दिया है। वे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्थापना से पहले जबलपुर उच्च न्यायालय में न्यायिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय थे और लंबे समय तक शासकीय अधिवक्ता के रूप में कार्य किया।

युक्तधारा पोर्टल से बनाई जा रही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना

बिलासपुर/नवप्रदेश। *महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी निर्माण कार्यों का चयन तकनीकी पद्धति के आधार पर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य महात्मा गांधी नरेगा के साथ राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के संयुक्त भूवन प्लेटफार्म पर व्यापक रूप से निर्मित युक्तधारा पोर्टल में किया जा रहा है।* युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस टूल्स की सहायता से विभिन्न भौगोलिक और स्थनिय सूचनाओं को जोड़कर ग्राम पंचायत के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया को और भी सरल और व्यापक बनाया गया है। जिससे नवीन पद्धति से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किए जाने के लिए निर्माण कार्य का चयन कर योजनाएं तैयार की जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों के चयन की प्रक्रिया ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए की जा रही है। मनरेगा में सभी अनुमेय कार्यों

का वर्गीकरण नरेगा नियमानुसार किया गया है। मनरेगा में अब आगामी वित्तीय वर्ष से सभी निर्माण कार्य युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकृत होंगे। सभी कार्य ग्राम पंचायत के भौतिक परिस्थितियों के अनुसार होगा और ग्रामीणों की मांग तथा अनुशंसा पर युक्तधारा पोर्टल में कार्य अपलोड होगा। जिले में युक्तधारा पोर्टल के क्रियान्वयन पर जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि 486 ग्राम पंचायतों में से 335 ग्राम पंचायतो में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से कार्यों की प्लानिंग करते हुए 284 ग्राम पंचायतों के कार्यों का प्लान युक्तधारा पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। शेष ग्राम पंचायतों में प्लानिंग का कार्य तेज गति से चल रहा है। युक्तधारा प्लानिंग में अजीविका डबरी, सामुदायिक वृक्षारोपण (मुक्तिधाम, अन्य स्थलो में), मोर गाव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण से संबंधित कार्य, नर्सरी निर्माण समुदाय के लिए, तालाब निर्माण कार्य, कूप निर्माण, हितग्राही मूलक कूप निर्माण, उचित मूल्य की दुकान, चैकडेम जल संरक्षण कार्य, रिचार्ज पीट, मुक्तिधाम विहीन ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, अन्य परिसंपत्ति निर्माण वाले मजदूरी मूलक कार्य को प्राथमिकता से लिए जाने ग्रामीणों से चर्चा की जा रही है जिसमें सामुदायिक मूलक एवं हितग्राही मूलक कार्यों के साथ आजीविका को बढ़ावा दिया जा सके।

हर्षा ने मरणोपरांत की नेत्रदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी कॉलोनी निवासी हर्षा थदानी का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनके नेत्रदान के संकल्प को पूरा कराने पति भगवान दास, बेटे

विक्की, संजू थदानी व भतीजे अजय तोलानी ने हैंड्सग्रुप से संपर्क किया। इस पर ग्रुप के सदस्य सुनील तोलानी व अन्य सदस्य सिम्स के डॉक्टर अन्नू तोमर व डॉ. कुणाल सिंह की टीम के साथ उनके निवास पर पहुंचे। इसके बाद नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई।

खंजर लेकर घूमते आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिरकोना शराब भट्ठी के पास लोहे का खंजर लेकर घूम रहे निगरानी बदमाश को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अपराध व अपराधियों के अवैधानिक कृत्यों में अंकुश लगाने व उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने के अनुक्रम में थाना कोनी पुलिस को आज 21 दिसंबर को मुखबीर सूचना प्राप्त् हुआ कि बिरकोना भट्ठी के पास निगरानी बदमाश संजय ध्रुव अपने पास में लोहे का खंजर को रखकर घूम रहा है कि सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ, गवाह के रवाना होकर मुखबीर के बताये स्थान में जाकर घेराबंदी कर निगरानी बदमाश संजय ध्रुव पिता रामावतार ध्रुव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम निरतू थाना कोनी को पकड़ा गया जिससे गवाहों के समक्ष एक नुकीला लोहे का खंजर बरामद किया गया, आरोपी को नोटिस दिये जाने पर खंजर के संबंध में कोई कागजात नहीं होना लेख किया। जिसके मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपी संजय ध्रुव पिता रामावतार ध्रुव उम्र- 30 वर्ष निवासी ग्राम निरतू थाना को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना कोनी में अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चार बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

कोनी पुलिस ने शांति कायम, अपराध घटित होने से रोकने व आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 गुंडा बदमाशों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा निम्न व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया।

थाने से फरियादी निराश लौटे बर्दाश्त नहीं की जाएगी: एसएसपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना शनिवार को उस वक्त अचानक सुर्खियों में आ गया, जब जिले के पुलिस कप्तान खुद औचक निरीक्षण के लिए थाने पहुंच गए। न कोई पूर्व सूचना, न कोई औपचारिकता– सीधे फरियादियों से संवाद, फाइलों की पड़ताल और अपराधियों पर हो रही कार्रवाई का ज़मीनी आकलन। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में मौजूद आम लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनी गईं। एसएसपी ने साफ कहा कि फरियादी को थाने से निराश लौटना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर ही

एसएसपी ने निरीक्षण में व्यवस्था का लिया जायजा

लंबित आवेदनों की स्थिति देखी गई और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। सीसीटीएनएस कक्ष में पहुंचकर डिजिटल रिकॉर्ड की वास्तविक स्थिति परखी गई। रिकॉर्ड अपडेट मिलने पर सिस्टम संभाल रहे आरक्षक रविशंकर ध्रुव के काम की सराहना करते हुए उन्हें इनाम देने की घोषणा की गई। इसी तरह रीडर शाखा में पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन की जांच हुई, जहां दिसंबर से पहले का कोई भी पासपोर्ट प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। इस कार्य के लिए आरक्षक लालबहादुर कुर्रे को भी पुरस्कृत किए जाने की अनुशंसा की गई। विवेचक कक्ष में निरीक्षण के दौरान पुराने लंबित मामलों पर खास फोकस रहा। कुछ विवेचकों के पास 2024 और उससे पुराने एक भी केस लंबित नहीं मिले, जबकि 2025 के केवल एक-एक प्रकरण लंबित पाए गए।

गुमशुदा युवक को कोनी पुलिस ने यूपी से किया बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुमशुदा राहुल यादव पिता दयाराम यादव उम्र 19 वर्ष स्थाई पता ग्राम अमारु थाना पेंड्रा जिला जीपीएम हाल निवास संपर्क प्रमोद खरे, साईं मंदिर के पास बड़ी कोनी थाना कोनी का गुम इंसान केस में गुमशुदा राहुल यादव को गोरीगोपाल आश्रम वृन्दावन के पास यूपी में स्थानीय पुलिस के माध्यम से मामा अखिलेश यादव निवासी रीवा को सकुशल सुपुर्द कराया गया वीडियो कॉल के जरिए दस्तयाब किया गया। गौरतलब है कि चंद्रभान यादव ने अपने छोटे भाई राहुल यादव

पिता दयाराम यादव की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोनी थाना में दर्ज कराई थी।

खेल

अभा पुलिस बैंड प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रेलवे ने बैंड प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर किया गौरवान्वित

बिलासपुर/नवप्रदेश। *अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता 2025 का 16 से 20 दिसंबर तक रेलवे सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मौला अली, सिकंदराबाद में आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल / रेलवे सुरक्षा विशेष बल के चयनित बैंड प्रतिभागियों ने भाग लिया।*

रेलवे सुरक्षा बल बैंड टीम ने सुशील कुमार यादव, सहायक सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर (टीम मैनेजर) के दिशा-निर्देशन में तथा बैंड मास्टर रवि वाई. बैंजंत्री के नेतृत्व में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया गया है। अपने अनुशासित और सशक्त प्रस्तुतीकरण के बल पर रेलवे सुरक्षा बल ब्रास बैंड टीम ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने टीम को बधाई प्रेषित की। यह सफलता रेलवे सुरक्षा बल के उच्च स्तर के प्रशिक्षण, समर्पण एवं टीम भावना का परिचायक है।

एसईसीआर में खेल व सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित अंतर मंडलीय कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता–2025 का शुभारंभ 20 दिसंबर को एनईआई व सेकरसा मैदान में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल व मुख्यालय की टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन दिवस पर फुटबॉल में बिलासपुर मंडल विजेता और रायपुर मंडल उपविजेता रहा, जबकि एथलेटिक्स की कई स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता 2025 में रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर तक सिकंदराबाद में आयोजित हुई, जहां आरपीएफ बैंड टीम ने अनुशासित और प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

न्यूज़ गैलरी

युवराज-सोनू सूद समेत कई हस्तियों की करोड़ों की संपत्ति जब्त, ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच '1एक्सबेट' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई नामचीन हस्तियों को बड़ा झटका दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सख्त कदम उठाते हुए क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, अभिनेता सोनू सूद और अभिनेत्री नेहा शर्मा समेत अन्य लोगों की संपत्तियों को जब्त (अटैच) कर लिया है। यह कार्रवाई इन हस्तियों द्वारा कथित तौर पर अवैध सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने और विदेशी संस्थाओं से संदिग्ध लेन-देन के चलते की गई है। एजेंसी ने संपत्तियों की जब्ती से पहले इन सभी सितारों से कई दौर की पूछताछ की थी, जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह बड़ा एक्शन लिया गया है। इस मामले में ईडी की कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले एजेंसी ने इसी मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना पर भी शिकंजा कसा था। जांच एजेंसी ने धवन का दिल्ली स्थित 4.5 करोड़ रुपये का कमर्शियल प्लॉट और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड, यानी कुल 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। ईडी का अनुमान है कि यह पूरा घोटाला करीब एक हजार करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का है।

सस्पेंडेड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से झटका

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के सस्पेंडेड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की कानूनी मुश्किलों में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। रिश्वतखोरी और भारी मात्रा में नकदी बरामदगी के मामले में घिरे भुल्लर को अब सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अपनी एफआईआर को रद्द करवाने की उम्मीद लेकर देश की सबसे बड़ी अदालत पहुंचे भुल्लर को बैरंग लौटना पड़ा और उन्हें अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब उनका मामला पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित है, तो वे सीधे यहां राहत की उम्मीद नहीं कर सकते। इस तकनीकी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद भुल्लर के वकील एस.पी.एस. भुल्लर ने याचिका वापस ले ली। मामले की पृष्ठभूमि बेहद गंभीर है। हरचरण सिंह भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ के एक स्क्रैप व्यापारी से जुड़े रिश्वत कांड में सीबीआई ने मोहाली से गिरफ्तार किया था। उस वक्त की गई छापेमारी में जांच एजेंसी ने उनके कब्जे से करीब साढ़े 7 करोड़ रुपये नकद, भारी मात्रा में सोना और विदेशी शराब बरामद की थी। इस भारी-भरकम बरामदगी ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया था। इसी मामले में राहत पाने के लिए भुल्लर ने पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। भुल्लर ने अपनी दलीलों में सीबीआई के अधिकार क्षेत्र (Jurisdiction) को चुनौती दी थी।

पीएम मोदी ने गुवाहाटी टर्मिनल का उद्घाटन किया, पूर्वोत्तर में अडानी ने स्थापित किया कनेक्टिविटी में बेंचमार्क



गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) में नए टर्मिनल का उद्घाटन किया, जो इस क्षेत्र के हवाई अड्डा बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ÷द बांस ऑर्किड्स÷ नामक यह टर्मिनल भारत का पहला प्रकृति-थेमा वाला हवाई अड्डा टर्मिनल है, जिसे 2032 तक सालाना 13.1 मिलियन यात्रियों को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस टर्मिनल का डिज़ाइन, जिसे पीएम मोदी ने फरवरी में एडवांटेज असम 2.0 में अनावरण किया था, असम के प्रतिष्ठित कोपी फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और स्वदेशी बांस की किस्मों से प्रेरणा लेता है। लगभग 140 मीट्रिक टन स्थानीय रूप से प्राप्त बांस का उपयोग किया गया है, जो इसे प्रकृति-प्रेरित हवाई अड्डा वास्तुकला का एक प्रमुख उदाहरण बनाता है। इस परियोजना को गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है और अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएचएल) द्वारा संचालित किया जाता है, जो अडानी समूह के एकीकृत बुनियादी ढांचे वितरण दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। टर्मिनल में उन्नत एयरफील्ड सिस्टम, डिजिटल एकीकरण, और डीजियात्रा- सक्षम संपर्क रहित यात्रा और स्वचालित सामान हैंडलिंग सहित यात्री सुविधा सुविधाएं हैं। पीएम मोदी ने उद्घाटन को असम और पूर्वोत्तर में एक व्यापक विकास पहल के हिस्से के रूप में वर्णित किया, जो राज्य को एक्ट ईस्ट नीति के तहत भारत के पूर्वी गेटवे के रूप में स्थापित करता है। टर्मिनल से इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी, वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद है, साथ ही साथ स्थायित्व और क्षेत्रीय पहचान को बढ़ावा देने की भी उम्मीद है। नए टर्मिनल पर परिचालन फरवरी के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है, जो भारत के हवाई अड्डा बुनियादी ढांचे के विकास की त्वरित गति को रेखांकित करता है।

3 घंटे तक छत पर मौत के साए में फंसे रहे 28 पत्रकार

बांग्लादेश में जलता लोकतंत्र : 'द डेली स्टार' और 'प्रथम आलो' के दफ्तर फूंके

ढाका। बांग्लादेश में उस्मान हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा की आग अब मीडिया प्रतिष्ठानों तक पहुंच गई है। बीती रात दंगाइयों ने राजधानी ढाका में तांडव मचाते हुए देश के प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार 'द डेली स्टार' और बांग्ला अखबार 'प्रथम आलो' के दफ्तरों को आग के हवाले कर दिया। कारवान बाजार स्थित इन दफ्तरों में भीड़ ने पहले जमकर तोड़फोड़ की और फिर आगजनी को अंजाम दिया। इस खौफनाक मंजर के दौरान 'द डेली स्टार' की जलती हुई इमारत की छत पर करीब 28 पत्रकार तीन घंटे तक फंसे रहे, जिन्होंने उस रात मौत को बेहद करीब से महसूस किया। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि 'द डेली स्टार' का न्यूज़रूम पूरी तरह जलकर खाक हो गया है और प्रबंधन ने फिलहाल अखबार के प्रिंट और ऑनलाइन प्रकाशन को बंद करने का फैसला लिया है। 'बीडीन्यूज24' की रिपोर्ट के मुताबिक,

न्यूज़रूम में काम कर रहे स्टाफ को एक फोन कॉल के जरिए भीड़ के आने की चेतावनी मिली थी। घबराए स्टाफ ने शुरू में नीचे भागने की कोशिश की, लेकिन तब तक उपद्रवी निचली मंजिलों पर कब्जा जमा चुके थे और वहां आग लगा दी थी। इमारत में धुएं का गुबार भरने के कारण पत्रकारों का समूह जान बचाने के लिए 9वीं मंजिल की छत पर जा छिपा। डर का आलम यह था कि जब एक कैंटीन वर्कर ने फायर-एग्जिट सीढ़ी से नीचे उतरने की कोशिश की, तो नीचे खड़ी उन्मादी भीड़ ने उसे पकड़कर बेरहमी से पीटा। इस घटना के बाद छत पर मौजूद किसी भी पत्रकार ने नीचे उतरने की हिम्मत नहीं जुटाई।हालात उस वक्त और भी भयावह हो गए जब फायर सर्विस के कर्मचारी आग बुझाने और फंसे लोगों को निकालने पहुंचे, लेकिन नीचे जारी तोड़फोड़ और लूटपाट के कारण पत्रकार नीचे आने को तैयार नहीं थे। छत पर सन्नाटा और खौफ तब चीख में बदल गया जब कई हमलावर छत तक आ पहुंचे और दरवाजा पीटने लगे। अपनी जान बचाने के लिए पत्रकारों ने छत पर रखे गमलों से दरवाजे को ब्लॉक करने की कोशिश की। इस बीच, एडिटर्स काउंसिल के प्रेसिडेंट नूरुल कबीर और फोटोग्राफर शाहिदुल आलम ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन उपद्रवियों ने उनके साथ भी बदसलूकी की। काफी जद्दोजहद के बाद वहां मौजूद सैनिकों ने सीढ़ियों के एक तरफ से रास्ता बनाया, जिसके बाद फायर-एग्जिट और इमारत के पिछले रास्ते से पत्रकारों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

अमेरिका में बड़ा हादसा : एयरपोर्ट पर छोटा जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त

न्यूयॉर्क। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के स्टेट्सविल शहर के एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर एक छोटा जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में मारे गए लोगों में एनएएससीएआर (नेशनल एसोसिएशन फॉर स्टॉक कार ऑटो रेसिंग) के पूर्व चालक ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे भी शामिल हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के मुताबिक, सेसना सी 550 विमान गुरुवार सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान गिरते ही उसमें भीषण आग लग गई। फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, विमान ने सुबह 10 बजे के थोड़ी देर बाद उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही समय में वह वापस लौट आया और दोबारा लैंड करने की कोशिश कर रहा था। मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह प्रक्रिया मेडिकल जांच कार्यालय द्वारा पूरी की जा रही है।स्टेट्सविल के सिटी मैनेजर रॉन स्मिथ ने कहा कि यह घटना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और कई एजेंसियां मिलकर राहत और जांच का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जांच लगातार आगे बढ़ रही है। घटना के वीडियो में देखा गया कि आपातकालीन कर्मचारी तुरंत रनवे पर पहुंचे, जहां विमान का मलबा चारों ओर बिखरा हुआ था और आग की लपटों में घिरा था। स्टेट्सविलरीजनल एयरपोर्ट के मैनेजर जॉन फर्गुसन ने बताया कि अब दुर्घटनास्थल की जिम्मेदारी एफएए ने संभाल ली है। उन्होंने कहा कि अगली सूचना तक हवाई अड्डा बंद रहेगा, क्योंकि रनवे से मलबा हटाने और उसे सुरक्षित बनाने में समय लगेगा। एफएए ने बताया कि इस हादसे की जांच उनके साथ-साथ राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड भी करेगा।बता दें, कुछ ही दिन पहले छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का एक मामला अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको में भी सामने आया था। मेक्सिको के सेंट्रल स्टेट ऑफ मेक्सिको में सैन मातेओ एटेंको नगर में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

खेल,व्यापार, मनोरंजन

ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 5वें एशेज खिताब पर कब्जा जमाया

खेल डेस्क। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड ओवल में खेले गए एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली और 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया ने 8-8 विकेट से जीत दर्ज की थी।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 286 रन पर सिमट गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 349 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 434 रन का लक्ष्य रखा।लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम तय स्कोर से 82 रन पहले ही आउट हो गई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू परिस्थितियों में एशेज सीरीज पर अपना दबदबा कायम रखा।ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। जबकि स्कॉट बोलैंड को 1 विकेट मिले।पांचवें दिन जेमी स्मिथ ने इंग्लैंड की जगाई उम्मीद इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल छह विकेट पर 207 रन बनाकर समाप्त किया था, जिसके बाद उसकी जीत की उम्मीदें काफी धूमिल नजर आ रही थीं। हालांकि, पांचवें और आखिरी दिन जेमी स्मिथ ने 60 रन की अहम पारी खेलकर एक समय इंग्लैंड की उम्मीदें जगा दीं। जब वह आउट हुए, तब तक इंग्लैंड का स्कोर 285 रन तक पहुंच चुका था और टीम लक्ष्य के काफी करीब नजर आने लगी थी।मगर इसके बाद विल जैक्स 47 रन पर आउट हो गए और फिर जोफ्रा आर्चर भी पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड को आखिरी झटका जोश टंग के रूप में लगा।ब्रायडन कार्स 39 रन बनाकर नाबाद रहे। एडिलेड ओवल में खेले जा रहे एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑफ-स्पिनर नाथन लायन चोटिल हो गए। 38 वर्षीय लायन, जो इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, पांचवें दिन सुबह फील्डिंग के दौरान चोट का शिकार हुए।फाइन लेग पर एक गेंद को रोकने के लिए डाइव लगाते समय लायन को चोट लगी। डाइव के बाद वह धीरे-धीरे उठे और तुरंत ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया। लंच ब्रेक से पहले उन्हें स्कैन के लिए बैसाखियों के सहारे एडिलेड ओवल से बाहर जाते देखा गया।लायन ने इससे पहले चौथे दिन दोपहर सत्र में शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए थे, जिससे ऑस्ट्रेलिया जीत के बेहद करीब पहुंच गया था। हालांकि, पांचवें दिन चोट लगने से पहले उन्हें कोई विकेट नहीं मिल सका। चौथे दिन जैक क्रॉली और जो रूट का अर्धशतक 434 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। लंच तक टीम ने 1 विकेट पर सिर्फ 5 रन बना लिए थे। इसके बाद जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में 85 रन की जुझारू पारी खेलकर संघर्ष दिखाया। जो रूट ने 63 गेंदों में 39 रन और हैरी ब्रूक ने 56 गेंदों में 30 रन का योगदान दिया।

मैं इंडस्ट्री में डांस या रोमांस करने नहीं आई हूं : सिद्धि इदनानी

तमिल सिनेमा में इन दिनों फिल्म रेट्रो थाला की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म ने अपने दमदार ट्रेलर से लोगों का ध्यान खींचा। इस फिल्म का निर्देशन कृष्ण थिरुकुमारन कर रहे हैं। इसमें अभिनेता अरुण विजय और अभिनेत्री सिद्धि इदनानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर सिद्धि इदनानी ने कहा है कि वह सिर्फ ग्लैमर के लिए नहीं, बल्कि दमदार किरदार निभाने के लिए सिनेमा में आई हैं। रेट्रो थाला के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री सिद्धि इदनानी ने अपने किरदार और फिल्मों में महिलाओं की भूमिका को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं उन अभिनेत्रियों में से नहीं हूं, जो केवल स्क्रीन पर आकर डांस या रोमांस करें और फिर कहानी से गायब हो जाएं। मेरा मानना है कि महिलाओं के किरदार भी कहानी को आगे बढ़ाने की ताकत रखते हैं और मेरे किरदार को भी उसी अंदाज में दिखाया जाना चाहिए। रेट्रो थाला में अपने किरदार को लेकर सिद्धि इदनानी ने बताया कि उनका किरदार आद्रे नाम की एक मजबूत महिला का है। यह किरदार सिर्फ हीरो की साथी का नहीं है, बल्कि फिल्म की कहानी को नई दिशा देने में भी अहम भूमिका निभाता है। आद्रे का एक मकसद है और वह कई मायनों में फिल्म की ड्राइविंग फोर्स है। ऐसे रोल देने के लिए मैं निर्देशक कृष्ण थिरुकुमारन का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, क्योंकि इस तरह का किरदार मिलना किसी भी अभिनेत्री के लिए गर्व की बात होती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, आद्रे एक मजबूत सोच वाली महिला है, जो किसी भी परिस्थिति में अपने फैसलों पर डटी रहती है। वह हालात से समझौता नहीं करती और अपने आत्मसम्मान और उद्देश्य के लिए खड़ी रहती है। इस किरदार को निभाते हुए मैंने भी यही सीखा कि ज़िंदगी में अपने विचारों और मूल्यों पर टिके रहना कितना जरूरी है। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो इसमें जबरदस्त एक्शन, इमोशनल ड्रामा, रोमांस और बदले की कहानी की झलक देखने को मिलती है, जो दर्शकों का मनोरंजन करेगी।इससे पहले अभिनेता अरुण विजय ने फिल्म को लेकर बताया था कि रेट्रो थाला एक एक्शन थ्रिलर है, जो इंसान के भीतर मौजूद अच्छे और बुरे पहलुओं को दिखाती है।

इन्वेस्टमेंट : 9 दिग्गज कंपनियों ने पंजाब को चुना, मोहाली बनेगा एशिया का नया आईटी हब

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की जापान-कोरिया यात्रा ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी पूरी कर ली है। इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान 9 बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने पंजाब में निवेश के लिए समझौते किए हैं, जिससे न केवल हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था में भी नई जान आएगी। सबसे खास बात यह है कि इन निवेशों का फोकस सिर्फ पारंपरिक उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि ,ट्ठ, ढ्ढ और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे भविष्य के सेक्टर्स पर भी जोर दिया गया है। जापान की Yamaha कंपनी पंजाब में Hero के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक बाइक बनाने की तैयारी कर रही है, जो राज्य के हरित परिवहन के सपने को साकार करेगी। वहीं ॥श्ठट्ठद्ब कार के पार्ट्स का निर्माण शुरू करेगी, जिससे ऑटोमोबाइल सेक्टर में पंजाब की पहचान मजबूत होगी। यह कदम न केवल रोजगार के नए अवसर खोलेगा बल्कि स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण का मौका भी देगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के निवेश से पंजाब विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। मोहाली को ग्लोबल ढ्ढञ्ज हब बनाने की दिशा में तीन बड़ी कंपनियों ने अहम भूमिका निभाने का फैसला किया है। Fujitsu Limited मोहाली में ,ट्ठ और ढ्ढ प्रोजेक्ट लगाएगी, ञ्जश्वह्र4 निवेश के लिए दिलचस्पी दिखाई है, और Toppan Holdings ने 400 करोड़ रुपए के विशाल निवेश का ऐलान किया है। यह तीनों कंपनियां अत्याधुनिक तकनीक और इनोवेशन के लिए विश्व भर में जानी जाती हैं। इनके आने से मोहाली में नए युग की शुरुआत होगी और हजारों ढ्ढञ्ज प्रोफेशनल्स के लिए घर बैठे रोजगार के रास्ते खुलेंगे। JICA (Japan International Cooperation Agency) ने पंजाब की बागवानी परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जो किसानों के लिए गेम चेंजर साबित होगी। इसके तहत आधुनिक तकनीक से फलों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख यूनिट्स हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में मजबूत बढ़त की वजह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और कंपनियों की ओर से डीलरों को दिए जाने वाले ऑफर्स को बताया है, जिससे त्योहारी मौसम के बाद शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही और डीलर्स इन्वेंट्री को फिर से भरने के लिए आकर्षित हुए। रेटिंग्स फर्म ने कहा कि वित्त वर्ष 26 दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6-9 प्रतिशत बढ़ सकती है। इसे जीएसटी में कटौती, शहरी खपत में बढ़ोतरी और सामान्य मानसून से ग्रामीण मांग में रिकवरी में मदद मिलेगी। हालांकि, नवंबर में दोपहिया वाहनों की रिटेल बिक्री सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत कम हुई है।

इसकी वजह त्योहारी सीजन में ज्यादा बिक्री होना है। दीपावली और दशहरा जैसे त्योहारों के कारण अक्टूबर में त्योहारी सीजन में बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर थी। रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी के सकारात्मक असर और चल रहे शादी के सीजन से मिल रही मजबूत मांग के चलते डीलरों को ग्राहकों से लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर मामूली 1.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बैड गर्लज़ का टीज़र हुआ रिलीज़

बैड गर्लज़ फणी प्रदीप धुलिपुडी द्वारा निर्देशित एक मनोरंजक फिल्म है, जो पहले सफल 30 रोजुलो प्रेमिंचडम इला का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण प्रश्विता एंटरटेनमेंट, नीली नीली आकाशम क्रिएशन्स और एनवीएल क्रिएशन्स के बैनर तले किया जा रहा है। बैड गर्लज़ में आंचल गौड़ा, पायल चेंगप्पा, रोशिनी, यशना, रोहन सूर्या, मोइन और रोहन सूर्या मुख्य कलाकार हैं। फिल्म की टैगलाइन, कानी चला मनचोडु्लु, दिलचस्प तरीके से शीर्षक के विपरीत है। इस फिल्म का निर्माण ससिधर नल्ला, इम्मादी सोमा नरसैया, रमिसेट्टी रामबाबू और रावुला रमेश कर रहे हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस गिफ्ट के तौर पर रिलीज़ होने वाली है।

आज, राम चरण की आने वाली पैन-इंडिया फिल्म पेड्डी के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस फिल्म का टीज़र रिलीज़ किया। इस मौके पर टैलेंटेड फिल्ममेकर ने कहा कि उन्हें बैड गर्लज़ की कहानी पता है और यह काफी दिलचस्प है। क्लाइमेक्स बहुत इमोशनल है। जब मैं सुकुमार गारू के अंडर असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर रहा था, तो मुन्ना उनके पास आते थे, अपनी लिखी हुई कहानियाँ सुनाते थे और उन्हें अफ्रूव करवाते थे। उस समय, मैं सोचता था कि मुन्ना ज़रूर डायरेक्टर बनेगा, और मुझे भी बनना चाहिए। जैसे मेरी फिल्म उप्पेना का गाना नी कल्लु नीली समुद्रम चार्टबस्टर बन गया, वैसे ही गाना नीली नीली आकाशम उससे भी बड़ा हिट है। म्यूज़िक डायरेक्टर अनूप रूबेंस ने इस फिल्म के लिए भी शानदार गाने दिए हैं। मैं फिल्म मनम के गानों का बहुत बड़ा फैन हूँ।

पीएम ग्राम सड़क योजना : 10.49 करोड़ की लागत से बनेंगी 6 नई सड़कें

■ **लंबे समय से सड़क की समस्या जूझ रहे थे ग्रामीण, कई गांवों का संपर्क सुगम हो जाएगा**

तखतपुर/नवप्रदेश। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने वाली है। विधायक की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बैच-1 में तखतपुर विधानसभा के लिए 6 महत्वपूर्ण सड़कों की मंजूरी मिली है। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 10 करोड़ 49 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 11.29 किलोमीटर है।

लंबे समय से जर्जर सड़कों की समस्या झेल रहे ग्रामीण इन मार्गों के बनने की बाट जोह रहे थे। इन सड़कों के बन जाने से बेलपान, कोटा और तखतपुर ब्लॉक के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और मुख्य मार्गों से सुगम हो जाएगा। बेलपान सिलतरा रोड से खरगा 2.7 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 2 करोड़ 58 लाख 22 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। खुरदुर से महुआकापा 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 2 करोड़ 78 लाख 63 हजार रुपये की लागत से होगा। निगारबंद सूरीघाट रोड से केवटपारा 1.35 किलोमीटर की सड़क 1 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपये में बनेगी। बेलपान मेन रोड से मुड़ापार 1.34 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 1 करोड़ 21 लाख 29 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है।

खम्हरिया बीजा रोड से गुड़ीपारा 1.3 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 16 लाख 95 हजार रुपये से होगा। सकेती बस्ती से जोगीदीप 1.7 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 1 करोड़ 51 लाख 06 हजार रुपये मंजूर हुए हैं। विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और इन सड़कों के बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की राह अब आसान होगी। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं तो सिर्फ 2 साल से तखतपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और जितना काम इन 2 वर्षों में मैंने किया है, मुझे लोरमी क्षेत्र में 20 सालों में इतना काम करने की जरूरत नहीं पड़ी।

सरकार ने बचाए डेढ़ करोड़, पिछले साल की तुलना में 87 फीसदी खरीदी

एक माह में 230 एकड़ रकबा का समर्पण, प्रशासन की अपील का दिखा असर

रायपुर/ बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एक माह में जिले के 42 हजार 92 किसानों से 2 लाख 4 हजार 650 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। खास बात यह है कि इस बार प्रशासन ने जिले के किसानों से 93 हेक्टेयर यानी लगभग 230 एकड़ का रकबा समर्पण कराया गया, जिससे सरकार ने 1 करोड़ 49 लाख रुपए की बचत की।

सीधे शब्दों में कहा जाए तो प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के लालच में किसान छोटे-छोटे रकबे या गैर कृषि जमीन के नाम पर धान बेचते थे। इस पर सरकार ने अंकुश लगाकर बचत करने का प्रयास किया है। धान का समर्थन मूल्य प्रति एकड़ 21 क्विंटल है और सरकार प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए में खरीद रही है। अच्छी खासी राशि मिलने के कारण किसान अपने पूरे रकबे का धान बेचने के फिराक में है। कोटा पूरा करने के लिए किसान एक-एक डिसमिल भूमि के एवज में धान बेचने जूटे हैं। इससे उत्पादन से अधिक मात्रा में धान की बिक्री की शिकायत मिलती है। इसको देखते हुए शासन ने प्रशासन को छोटे-छोटे रकबे और उत्पादन से अधिक धान खपाने वाले किसानों पर रोक लगाने को कहा है।

इसके लिए शासन ने जिला प्रशासन को किसानों से रकबा समर्पण कराने को कहा है। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक अमला समितियों में रकबा समर्पण की अपील के साथ-साथ अभियान भी चला रहा है। इसके परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किसानों से रकबा समर्पण की अपील की जा रही है। खरीदी शुरू हुए एक माह बीत जाने के बाद सामने आए आंकड़े इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। जिले में अब तक किसानों से 93 हेक्टेयर, यानी लगभग 230 एकड़ का रकबा समर्पण कराया जा चुका है। यदि प्रति एकड़ औसतन 21 क्विंटल धान की गणना की जाए, तो लगभग 4,830 क्विंटल धान की खरीदी से बचाव हुआ है। इस तरह सरकार को 1 करोड़ 49 लाख 73 हजार रुपए की सीधी बचत हुई है।

खरीदी और उठाव पर एक नजर

जिले में कुल 1,32,675 किसान पंजीकृत हैं, लेकिन अब तक केवल 42,092 किसानों ने ही धान बेचा है, जो कुल का मात्र 32 प्रतिशत है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अभी भी बड़ी संख्या में किसान खरीदी प्रक्रिया से बाहर हैं। अब तक जिले में कुल 2,04,650 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 87 प्रतिशत है। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कुल राशि 484.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह आंकड़े जिले में खरीदी की व्यापकता और किसानों की भागीदारी को दर्शाते हैं। धान के उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो अब तक 1,31,792 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। जारी किए गए डीओ के विरुद्ध उठाव का प्रतिशत 65 प्रतिशत, जबकि कुल खरीदी के विरुद्ध उठाव 64 प्रतिशत रहा है।

अनावश्यक खरीदी और सरकारी धन की बचत

रकबा समर्पण जैसी पहल से न केवल अनावश्यक खरीदी पर रोक लगी है, बल्कि सरकारी धन की भी बचत होगी। आने वाले दिनों में भी किसानों से रकबा समर्पण करने की अपील करेंगे। ताकि खरीदी व्यवस्था अधिक पारदर्शी हो।

अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में तालाबंदी की दी चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। सरपंचों ने 15वें वित्त की राशि अभी तक पंचायतों में नहीं पहुंचने रोष रोष जताया है। जनपद सभागार दुर्ग में सरपंच संघ की बैठक पश्चात सरपंचों ने संघ के अध्यक्ष युगल किशोर आडिल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इसमें उन्होंने 15 दिवस के भीतर पंद्रहवें वित्त की राशि पंचायतों को नहीं प्रदान किए जाने पर ग्राम पंचायतों में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। सरपंचों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि 15वें वित्त की राशि अभी तक नहीं आया है, जिससे गांवों में मूलभूत सुविधा जल, सफाई, बिजली आदि कार्य बाधित है, यदि 15 दिवस के भीतर राशि पंचायतों को नहीं प्रदान किया गया तो तालाबंदी किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष युगल किशोर साहू, उपाध्यक्ष अरुण गौतम, सचिव अनिल बंजारे, मीडिया प्रभारी कीर्तन साहू, सरपंचगण रोशन लाल साहू, दिग्विजय सिन्हा, चुम्मन यादव, मीना यादव, भूपेंद्र टंडन, गंगिया रावते, माधो लाल देवांगन, इंद्रजीत साहू, दुष्यंत कुमार साहू, कमल देवांगन, माखन साहू, अमन नारंग आदि उपस्थित रहे।

इंस्टाग्राम से दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म, वीडियो कर दिया वायरल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवक उसे घुमाने के बहाने सुनसान जगह पर लेकर शारीरिक संबंध बनाया। इसका वीडियो बनाकर युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

युवती ने जब उसे शादी करने के लिए कहा तो अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। युवती को शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित युवक को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली युवती ने दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान बेलगहना क्षेत्र के सोनपुरी निवासी अरुण कुमार भानु (30) से हुई थी। इसके बाद दोनों मोबाइल पर बातचीत करने लगे। इसी बीच युक्क उसे घुमाने के बहाने बाइक पर बिठाकर सुनसान जगह पर ले गया। जहां पर युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

इसका उसने अपने मोबाइल पर वीडियो भी बना लिया था। युवक इस वीडियो को दिखाकर उसे बार-बार मिलने के लिए बुलाता था। उसने ब्लैकमेल कर युवती से कई बार दुष्कर्म किया। युवती ने जब उसे शादी करने के लिए कहा तो वह मारपीट करने लगा। उसने युवती को वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी। उसकी हरकतों से तंग आकर युवती ने सरकंडा थाने में शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आइटी एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत जोन-4 में कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर द्वारा बकाया राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 4 के राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कटोरा तालाब स्थित बकायादार नेताजी होटल पर सीलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की। यह कार्रवाई पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेताजी होटल पर वर्ष 2019-20 से

2025-26 तक कुल 7 लाख 65 हजार रुपये की बकाया राशि थी, जिसका भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा था। बकाया राशि अदा नहीं किए जाने पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार तथा जोन-4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव एवं उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश पर नगर निगम जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम ने सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई की। सीलिंग की कार्रवाई प्रारंभ होते ही बकायादार द्वारा तत्काल 2 लाख रुपये की बकाया राशि का धनादेश निगम को सौंपा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com